दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली ।। गुरुवार 01 अगस्त -2024 | वर्ष : 8 अंक : 293 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3







## सावन शिवरात्रि पर दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में लाखों कांवड़िये करेंगे जलाभिषेक : महंत नारायण गिरी

### गुरुवार से मंदिर के कपाट 24 घंटे के लिए खोल दिए जाएंगे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सावन शिवरात्रि के नजदीक आते ही सिद्धपीठ दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर में कांवड़ियों की भीड़ बढ़ने लगी है। मंदिर के साथ आसपास का वातावरण भी भगवान दूधेश्वर के जयकारों से गूंज रहा है। कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए गुरुवार से मंदिर के कपाट 24 घंटे खुले रहेंगे। मंदिर के पीठाधीश्वर पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटेड फ्रंट के अध्यक्ष महंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि सावन शिवरात्रि शुक्रवार की है और उसमें अब दो दिन ही शेष हैं। इसी के चलते मंदिर में कांवड़ियों की भीड़ बढ़ने लगी है। राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब तक के

शेष, पृष्ठ 6



### 'गुरुवार को हजारों कांवड़िए भगवान दूधेश्वर के दरबार में लगाएंगे हाजिरी'

**करंट क्राइम।** हजारों की संख्या में कांवड़िए गुरुवार को ही गाजियाबाद पहुंच जाएंगे और दूधेश्वर नाथ मंदिर में हाजिरी का जल चढ़ाएंगे। कांवड़ियों को कोई दिक्कत ना हो, इसी के चलते गुरुवार से मंदिर के कपाट 24 घंटे के लिए खोल दिए जाएंगे। सिर्फ सफाई, आरती व भोग के लिए ही मंदिर के कपाट बंद होंगे। मंदिर के मीडिया प्रभारी एस आर सुथार ने बताया कि शुक्रवार को मंदिर में लाखों कांवड़िए व शिवभक्त भगवान का जलाभिषेक करेंगे। महाराज के दिशा-निर्देशन में जिला व पुलिस प्रशासन व नगर निगम के सहयोग से मंदिर में ऐसी व्यवस्था की गई है कि सावन शिवरात्रि पर

शेष, पृष्ठ 6

# संसद में जाति पर जंग... अनुराग ठाकुर के बयान पर विपक्ष का हंगामा

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी को लेकर अनुराग ठाकुर के बयान पर संसद में जमकर हंगामा हुआ. लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्य वेल में आ गए और नारेबाजी शुरू कर दी. विपक्ष के हंगामे के बीच प्रश्नकाल की कार्यवाही जारी रही. विपक्ष के नारों का शोर बढ़ा और विपक्षी सदस्य 'वी वांट कास्ट सेंसस' के पोस्टर जब लहराने लगे, स्पीकर ओम बिरला ने उन्हें टोका. हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही भी कुछ देर के लिए स्थगित करनी पड़ी.

स्पीकर ने कहा कि बीएससी में पहले ही तय हो चुका है कि कोई भी माननीय सदस्य तख्ती लेकर नहीं आएगा. ये नहीं चलेगा. स्पीकर ने विपक्ष के सदस्यों से कहा कि आप नियोजित तरीके से सदन की कार्यवाही में गतिरोध उत्पन्न करने, इसे बाधित करने के लिए आए हैं. ये नहीं चलेगा. उन्होंने कहा कि आपके पास कोई मुद्दा नहीं है. आपने इनको कहा, इन्होंने आपको कहा. स्पीकर ने इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री का नाम लिया.

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के रवैये को गलत बताते हुए राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को निशाने पर लिया. रिजिजू ने विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि ये रवैया गलत है. संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि हम इसका खंडन करते हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी, दिनभर जाति-जाति करते है. लेकिन अगर किसी ने उनसे जाति पूछ ली तो देखिए कैसे करते है.

रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश को तोड़ने का काम किया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश की सेना का मनोबल गिराया है. कांग्रेस देश में हिंसा और अराजकता भड़काने की कोशिश कर रही है. कांग्रेस देश को कमजोर करने का काम कर रही है. हमलोग रूल्स और रेग्युलेशन के साथ जाएंगे. इस दौरान विपक्ष के सदस्यों ने वी वांट कास्ट सेंसस लिखे पोस्टर भी लहराए.



इससे पहले, शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने कहा कि राहुल गांधी को तो बीजेपी वाले गाली देते रहते हैं. गाली खानी पड़ेगी अगर गरीबों की आवाज उठानी है तो. उन्होंने कहा कि गरीबों को राहुल गांधी से बहुत उम्मीद है. बीजेपी का तो काम ही सभी को गाली देना है. गाली तो महात्मा गांधी को भी पड़ी थी, पर उन्होंने देश के लिए बहुत काम किया. कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि जाति जनगणना के लिए हम गंभीर हैं. उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर को तमीज सिखनी चाहिए.

शिवसेना यूबीटी सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि टेंशन में हैं इसलिए खिसिया गए हैं. पता है कि थोड़े दिन में विपक्ष में बैठना है इनलोगों को. इसलिए ही ये लोग जाति-धर्म की बात करते हैं. गौरतलब है कि एक दिन पहले लोकसभा में अनुराग ठाकुर ने कहा था कि जो लोग दिन-रात जाति-जाति करते हैं, उन्हें अपनी जाति का पता नहीं. अनुराग के इस बयान पर राहुल गांधी और विपक्ष के दूसरे सदस्य भड़क गए थे. राहुल गांधी ने कहा था कि अनुराग ठाकुर ने मुझे गाली दी है, मेरी इंसल्ट की है. मैं इनसे माफी मांगने के लिए नहीं कहूंगा.

अनुराग के बयान पर आपत्ति जताते हुए अखिलेश यादव ने कहा था कि जाति कैसे पूछ ली. आप किसी की जाति कैसे पूछ सकते हो. इसके बाद तब आसन पर मौजूद रहे जगदंबिका पाल ने कहा था कि इसे एक्सपंज कर दिया है. उन्होंने कहा था कि व्यवस्था दे रहा हूं कि सदन में कोई भी माननीय सदस्य किसी की जाति नहीं पूछ सकता.

# गाजियाबाद में कांग्रेसियों ने किया अनुराग ठाकुर के खिलाफ धरना प्रदर्शन, पुतला दहन के दौरान हुई पुलिस से नोंकझोंक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार को गाजियाबाद में कांग्रेस पार्टी की महानगर, जिला और महिला इकाई की ओर से नेता राहुल गांधी के साथ संसद भवन में जाति को लेकर हुई नोंक झोंक करने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन देखने को मिला। अनुराग ठाकुर के प्रदर्शन को लेकर बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता कांग्रेस कार्यालय पर जमा हुए, वहां से पुराना बस अड्डा पहुंचे और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का पुतला जलाने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने कांग्रेसियों को दौड़ा लिया और नोंकझोंक की स्थिति बन गई। हालांकि कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर का पुतला नहीं जला पाए। वहीं पुतला दहन कार्यक्रम को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद था। तो वहीं फायर ब्रिगेड की गाड़ी को भी मौके पर तैयार रखा गया।

## जिला और महानगर के आवाह्न पर पहुंचे थे नेता

करंट क्राइम : बुधवार को कांग्रेस महानगर और जिला कांग्रेस कमेटी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के खिलाफ हल्ला बोला और उनका पुतला दहन का कार्यक्रम था लेकिन कांग्रेसी कागज की पट्टियों को जलाकर ही प्रदर्शन कर पाई। इस दौरान पुराने बस अड्डे चौराहे पर विरोध प्रदर्शन के दौरान महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय चौधरी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत त्यागी प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे थे। कांग्रेस नेता जहां पुतला फूंकने और नारेबाजी के विरोध में आगे थे, तो पुलिस उनको रोकने का काम कर रही थी। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, बिजेंद्र यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेंद्र चौहान, पूर्व सचिव नसीम खान, विजय पाल चौधरी, सोनम नागर, कशिश गुर्जर, प्रदेश सचिव पंकज तंजानिया, साजिया खान, पूर्व पार्षद वीर सिंह जाटव, इस्माइल खान, तरुण रावत, त्रिलोक सिंह, सैयद अली हसन, खुसरो खान, रफीक अहमद, फहीम खान, इमरान मलिक, कृष्णा गौतम और पवन शर्मा मौजूद थे।



## महिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में भी हुआ विरोध प्रदर्शन

करंट क्राइम : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुराने बस अड्डे चौराहे पर राहुल गांधी के समर्थन और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के विरोध में प्रदर्शन किया। पुराने बस अड्डे पर महानगर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सोनम नागर पहुंची और यहां उन्होंने विरोध प्रदर्शन करते हुए अनुराग ठाकुर के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान कशिश गुर्जर, साजिया खान, कामाक्षी, अंजली वर्मा, दिया, रीना, वीणा महिलाएं मौजूद रही।

## पुलिस भी प्रदर्शन को लेकर पूरी तरह दिखी अलर्ट



करंट क्राइम : कांग्रेस के द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान सांसद अनुराग ठाकुर का विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन कार्यक्रम था। इस दौरान पुलिस अलर्ट मोड पर थी। पुतला दहन कर रहे कांग्रेस के नेताओं से पुलिस की धक्का मुक्की और नोंकझोंक भी हुई। वहीं एसीपी नंदग्राम रवि सिंह, एसएचओ सिहानी गेट रविंद्र गौतम सहित कई चौकी प्रभारी व पुलिस बड़ी संख्या में मौजूद थी, जबकि कांग्रेस के नेताओं की संख्या सीमित देखी गई। वहीं पुतला दहन कार्यक्रम को लेकर पुलिस ने फायर ब्रिगेड को भी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए रखा हुआ था।



## संसद में जाति को लेकर राहुल पर की गई टिप्पणी से नाराज हैं कांग्रेस नेता



### नेता विपक्ष पर हमला नहीं करेंगे बर्दाश्त : बिजेंद्र यादव



करंट क्राइम : कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव बिजेंद्र यादव का कहना है कि जिस तरीके से सदन के अंदर नेता विपक्ष राहुल गांधी के साथ सांसद अनुराग ठाकुर ने व्यवहार किया है, वह बिल्कुल अशोभनीय है। जिस तरीके की उन्होंने भाषा का इस्तेमाल किया, इस तरह से सदन के अंदर क्या बाहर भी नहीं बोला जाना चाहिए था। बुधवार को इसी को लेकर गाजियाबाद में कांग्रेस की सभी इकाइयों ने प्रदर्शन किया है। साथ ही कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री, अमित शाह और अनुराग ठाकुर को चेतावनी देते हैं कि इस तरीके की सोची समझी साजिश के तहत जातिगत जनगणना को लेकर एजेंडा ना तैयार किया जाए। उन्होंने कहा है कि अभी तो अनुराग ठाकुर के खिलाफ प्रदेशभर और देश में प्रदर्शन हुआ है, अगर उनकी इस तरीके की भाषा आगे भी जारी रही तो दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश तक प्रदर्शन किए जाएंगे।

### कांग्रेस नहीं सहेगी राहुल गांधी अपमान : विजय चौधरी



करंट क्राइम : कांग्रेस पार्टी के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी का कहना है कि जिस तरीके से अनुराग ठाकुर द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ गलत भाषा और जाति पूछने का काम किया गया है यह सरासर गलत है। वह एक केंद्रीय मंत्री रहे हैं, उनको अपनी भाषा पर संयम रखना चाहिए, जिस तरीके से जातिगत जनगणना को लेकर भारतीय जनता पार्टी देशभर में एक एजेंडा तैयार कर रही है, वह ठीक नहीं है। अभी तो राहुल गांधी ने अनुराग ठाकुर को लेकर कोई निर्देश नहीं दिया है लेकिन कोई भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी का अपमान सहन नहीं करेगा।

### संसद में इस तरीके की भाषा समाज को देगी गलत संदेश : मधु चौधरी



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी की पुरानी और वरिष्ठ नेता मधु चौधरी का कहना है कि जिस तरीके की भाषा का इस्तेमाल संसद भवन में हो रहा है, यह समाज को गलत संदेश देगा। प्रमुख नेता तो सुरक्षा और खास प्रोटोकॉल के घेरे में रहते हैं लेकिन अगर समाज के बीच इस तरीके का जातीय जहर फैल जाएगा, तो घर से निकलना मुश्किल होगा। राजनीति को लेकर जिस तरीके की भाषा और माहौल तैयार हो रहा है यह बिल्कुल निंदनीय है।

### अनुराग ठाकुर को नहीं है भाषा पर संयम, जाति को लेकर माहौल बनाया जा रहा है : जेपी कश्यप



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जेपी कश्यप का कहना है कि जिस तरीके से आज जाति को लेकर माहौल बनाया जा रहा है यह ठीक नहीं है। अनुराग ठाकुर को अपनी भाषा पर संयम नहीं रहता है। वह पहले भी गलत भाषा का इस्तेमाल कर चुके हैं। किसी की जाति पूछने और उसे जाति को लेकर संबोधित करने का अधिकार नहीं है। राजनीति में एक मर्यादित भाषा का इस्तेमाल होना चाहिए, चाहे वह पक्ष का नेता हो या विपक्ष का ,उसे अपनी बात एक मर्यादा में रखनी चाहिए। किसी की जात और धर्म को लेकर टिप्पणी करना सरासर गलत है। उन्होंने अनुराग ठाकुर द्वारा राहुल गांधी पर की गई टिप्पणी को राजनीति के लिए लिहाज से ठीक नहीं बताया है।

### सरकार करे अपना दृष्टिकोण स्पष्ट और कराये खुली चर्चा : अभिषेक गर्ग



करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी के नेता अभिषेक गर्ग ने कहा कि लोकसभा जैसे सदन के भीतर सरकार में मंत्री रहे और लोकसभा सांसद द्वारा जाति पूछने जैसी हरकत को ठीक नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि इस तरीके के प्रश्नों से सदन की मर्यादा भंग होती है। भरे सदन में नेता प्रतिपक्ष से उनकी जाति पूछकर आखिर अनुराग ठाकुर क्या साबित करना चाहते हैं। भाजपा के नेता बतायें तो सही कि वो किस सोच के तहत काम कर रहे हैं। सरकार के नेता, सरकार के सांसद, सदन में नेता प्रतिपक्ष से उनकी जाति पूछ रहे हैं, इससे दुर्भाग्यपूर्ण क्या हो सकता है। अभिषेक गर्ग ने कहा कि इस तरीके की मानसिकता वाले नेताओं को जनता जवाब देगी। अभी लोकसभा चुनाव में जवाब दिया है और इस बार चुनाव में जनता इन्हें पूरी तरह नकार देगी। जातीय जनगणना को लेकर अभिषेक गर्ग ने कहा कि 1970 में जातिगत जनगणना हो चुकी है और वर्ष 2011 में हुई जातिगत जनगणना के आंकड़े अभी जारी नहीं हुए हैं। अभिषेक गर्ग ने कहा कि सरकार अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करे और वो ये भी बताये कि आखिर वो क्यों नहीं ये जनगणना कराना चाहते हैं। सरकार इस मुद्दे पर सदन में खुली चर्चा से क्यों भाग रही है।

# लोकसभा में जाति पूछने को लेकर जारी है सियासी दंगल

## भाजपा नेताओं ने कहा अगर जातीय जनगणना करानी है तो जाति बताने में क्या दिक्कत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर पर ये आरोप है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से उनकी जाति पूछी। इस बात को लेकर सियासी घमासान मच गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और कहा कि भाजपा जातिवादी मानसिकता से काम कर रही है। वहीं भाजपा के विधायकों, मंत्रियों और पूर्व सांसद का ये कहना है कि कांग्रेस और विपक्षी दल इसे इश्यु बना रहे हैं। भाजपा के जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जो दल जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं अगर उन दलों से जाति पूछ ली तो हंगामा क्यों है। वहीं सपा के नेता का कहना है कि सरकार इस विषय पर अपना स्टैंड स्पष्ट करें। सरकार सदन में इस मुद्दे पर खुली चर्चा से क्यों भाग रही है। करंट क्राइम ने भाजपा के विधायक, भाजपा के कैबिनेट मंत्री और भाजपा के पूर्व सांसद सहित समाजवादी पार्टी के नेता से बात की। सभी ने इस विषय पर अपनी अपनी राय रखी।



### वो सबकी जाति पूछना चाहते हैं लेकिन अपनी जाति बताने में दिक्कत : सुनील शर्मा



करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा ने कहा कि ये बिना बात का हंगामा हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी जाति नहीं बदल सकता और राहुल गांधी को जाति बताने में क्या दिक्कत है। जातिगत जनगणना की बात विपक्ष ने की है भाजपा ने नहीं। और जो भी जातिगत जनगणना की बात कर रहे हैं उन्हें अपनी जाति तो बतानी होगी। सुनील शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी जातीय जनगणना की मांग कर सबकी जाति पूछना चाहते हैं लेकिन वो हिम्मत जुटायें और अपनी जाति भी बतायें। आखिर जाति बताने में क्या दिक्कत है।

### विपक्ष के पास नहीं है कोई मुद्दा इसलिए कर रहे हैं सदन को डिस्टर्ब : अनिल अग्रवाल



करंट क्राइम। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है इसलिए वो ऐसे मुद्दे उठाकर सदन को डिस्टर्ब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को जाति पूछे जाने पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। देश में जितने भी फार्म भरे जाते हैं उसमें जाति और धर्म का कॉलम होता है उसे भरा जाता है। सबसे बड़ी बात ये है कि जातिगत जनगणना की बात कर कौन रहा है। जो जातिगत जनगणना की बात कर रहे हैं उन्हें पता होना चाहिए कि यह जनगणना बिना जाति पूछे कैसे हो जायेगी। इसलिए मेरे हिसाब से जाति पूछने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

### देश को जातियों में बांटना चाहते हैं विपक्ष के नेता : अजीत पाल त्यागी



करंट क्राइम। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि विपक्ष बेकार में हंगामा कर रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री और लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने तो किसी की जाति पूछी ही नहीं है। उन्होंने किसी का नाम भी नहीं लिया। विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि विपक्ष के नेता देश को जातियों में बांटना चाहते हैं और अगर उनकी जाति का सवाल आ गया तो वो बवाल कर रहे हैं। ये ठीक नहीं है। देश को जातिवादी व्यवस्था में नहीं बांटा जा सकता। विपक्ष के नेता देश को जातियों में बांटना चाहते हैं।

### जाति पूछने पर चिढ़ क्यों जाते हैं कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष : संजीव शर्मा



करंट क्राइम। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी आखिर जाति पूछने पर इतना क्यों चिढ़ गये। जो नेता जातीय गणना की मांग कर रहे हैं वहीं नेता जाति पूछने पर बुरा मान रहे हैं। जबकि देश के प्रत्येक नागरिक के पास पहचान पत्र है, आधार कार्ड है और इन सभी में उसकी जाति भी अंकित है। जब दस्तावेजों में जाति अंकित है तो फिर बताने में क्या दिक्कत है। अगर किसी व्यक्ति से उसका पारिवारिक शिजरा पूछा जाता है तो वो उसे गर्व से बताता है। सनातन धर्म में तो पावन गंगा के किनारे ना जाने कितने परिवारों की कितनी पीढ़ियों का पूरा एक इतिहास वहां के पुरोहित लिए बैठे हैं। यहां भी जातीय गणना है और कोई इसका बुरा नहीं मानता। पता नहीं विपक्ष के नेता जाति पूछने पर क्यों इतना बुरा मान रहे हैं।

# सियासी हंगामा: लोकसभा में अनुराग ठाकुर के दिए गए बयान पर भड़का विपक्ष



**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की मंगलवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के साथ खूब तू-तू, मैं-मैं हुई। यहां तक कि ठाकुर ने कांग्रेस सांसद से उनकी जाति तक पूछ ली। इस पर अखिलेश यादव ने कड़ा विरोध जताया। भाजपा सांसद के भाषण के दौरान लगातार विपक्ष का हंगामा जारी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने नेता के भाषण की सराहना की। उन्होंने इस पूरे भाषण का वीडियो साझा किया है। इसको लेकर अब विपक्ष और भड़क गया है। उन्होंने ठाकुर और पीएम मोदी की आलोचना की है। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह बदतमीजी है।

### दिग्विजय बोले

दिग्विजय सिंह ने कहा, 'बदतमीजी है। उनसे यह उम्मीद नहीं थी। साथ ही पीएम मोदी से भी यह उम्मीद नहीं थी कि वह उनका साथ देंगे।'

### राहुल अपनी लड़ाई जारी रखेंगे: ईडन



कांग्रेस सांसद हिबी ईडन ने कहा, 'अनुराग ठाकुर राहुल गांधी से निपटने के लिए लगातार असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन खुद राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर अपने विचार रखे हैं। वह अपनी लड़ाई जारी रखेंगे और वह अंत तक लड़ेंगे।'

### जाति का सवाल बहुत पुराना है: अखिलेश यादव



समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, 'ये जाति का सवाल नया नहीं है, जाति का सवाल बहुत पुराना है। एक बार जब मैं एक मंदिर में गया, तो कुछ लोग नहीं चाहते थे कि मैं हवन और पूजा करूं। मैं वो दिन कभी नहीं भूल सकता जब सीएम का घर गंगाजल से साफ हुआ था। अब चांद पर जाना चाहते हैं, डिजिटल इंडिया की बातें हो रही हैं। क्या भाजपा कांग्रेस के किसी नेता या अन्य व्यक्ति की जाति पूछ सकती है?'

उन्होंने आगे कहा, 'जाति का सवाल जिसे जानना है उसे अंबेडकर की किताब एनिहिलेशन ऑफ कास्ट जरूर पढ़ना चाहिए। इनके (भाजपा) पास क्या जाति तोड़ो आंदोलन का कोई विकल्प है। जिसको जाति को लेकर दिक्कत और परेशानी है उसे मंडल कमीशन की किताब आज ही खरीद लेनी चाहिए और प्रस्तावना पढ़नी चाहिए। अगर जाति जनगणना की मांग हो रही है तो इसमें कोई गलत नहीं है। हमारे बहुत सारे फैसले और नीतियां तभी अच्छे होंगे जब जाति जनगणना होगा।'

### इस तरह के असभ्य व्यवहार...: चिदंबरम



कांग्रेस सांसद कार्ति पी चिदंबरम ने कहा, 'आज के समय में अगर किसी को ऐसी चीज के बारे में सवाल करने की जरूरत है तो यह अरुचिकर है। मैंने हमेशा कहा है कि इस तरह के असभ्य व्यवहार का हमारी सार्वजनिक बातचीत में कोई स्थान नहीं है।'

### अनुराग ठाकुर बिल्कुल होश खो बैठे: औजला



कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला ने कहा, 'अनुराग ठाकुर बिल्कुल होश खो बैठे हैं। जिस तरह से वह व्यवहार कर रहे हैं, वह सभ्य नहीं है। क्या किसी की जाति पूछना सही है? मानस की जात सब एकके पहचान बो, उसे इससे सीखना चाहिए। वह वहां बैठकर अपने आकाओं को खुश करने के लिए गालियां देते हैं, यह ठीक नहीं है। यह संसद है। मुद्दों को उठाना विपक्ष का काम है और सत्ता पक्ष का काम है कि वह उनका जवाब दे, न कि गाली दें।'

जातिगत जनगणना पर उन्होंने कहा, 'हम संसद में पारित कराने के लिए सभी प्रयास करेंगे।'

### उनकी बुनियाद कमजोर है: चौधरी



कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने कहा, 'यह अनुराग ठाकुर का स्वभाव है। आप उनकी मानसिकता को समझ सकते हैं। अगर वह इतना नीचे गिरकर बात कर रहे हैं तो आप याद रखिए कि आपकी बुनियाद कमजोर है।'

### धर्म और जाति से ऊपर उठकर देश की सेवा करें: प्रियंका चतुर्वेदी



शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, 'देश को ये जरूरत है कि हम धर्म और जाति से ऊपर उठकर देश की सेवा करें, भारत माता की सेवा करें। हमारी जाति है देश की सेवा करना और धर्म है भारत माता को आगे बढ़ाना। ये वे लोग हैं जो देश को इसी सांचे में ढालना चाहते हैं जो उनके लिए राजनीतिक रूप से सुविधाजनक हो...उन्होंने जो कहा वह निंदनीय है, मुझे उम्मीद है कि उनके नेता उनसे माफी मांगवाएंगे।'

### जाति जनगणना एक बहुत ही भावनात्मक मुद्दा: गोगोई



कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा, 'कल बजट चर्चा में भाजपा नेताओं द्वारा की गई असंवेदनशील और क्रूर टिप्पणियों के खिलाफ संसद के अंदर विरोध प्रदर्शन किया गया। हम जानते हैं कि जाति जनगणना एक बहुत ही भावनात्मक मुद्दा है और भारत में एससी-एसटी, ओबीसी के कई लोग जाति जनगणना चाहते हैं लेकिन कल भाजपा द्वारा उनकी मांग का मजाक उड़ाया गया। संसद के अंदर भाजपा द्वारा उनका अपमान किया गया। हम यहां उनके अधिकार के लिए लड़ रहे हैं, जाति जनगणना के लिए लड़ रहे हैं और इसीलिए हमने विरोध किया।'

### जानबूझकर राहुल गांधी का किया गया अपमान: खरगे



राज्यसभा के नेता और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 'ताने मारना संसद में ऐसा नहीं होता। उन्होंने (अनुराग ठाकुर) जानबूझकर राहुल गांधी का अपमान करने के लिए ऐसा कहा। यह सही नहीं है। उनके (भाजपा) कई वरिष्ठ नेताओं ने अंतरजातीय विवाह किए हैं। उन्हें खुद को आईने में देखना चाहिए और फिर बोलना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा, 'वह (अनुराग ठाकुर) अपरिपक्व हैं, लेकिन प्रधानमंत्री को ट्वीट करने की क्या जरूरत थी? उनके कई नेता अंतरजातीय या अंतरधार्मिक विवाह में हैं। क्या वे हर किसी की जाति के बारे में पूछेंगे? यह गलत है, मैं इसकी निंदा करता हूं। मैं प्रधानमंत्री के ट्वीट की भी निंदा करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी को पता होना चाहिए कि कहां बोलना है और किसका बचाव करना है। इसे एक तरफ छोड़कर, वह भावनाओं को भड़काने की बात कर रहे हैं। संसद में इसकी अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, इसे कार्यवाही से निकाला जाना चाहिए।'

## लखनऊ में मूसलाधार बारिश

### यूपी विधानसभा परिसर में भरा पानी, नगर निगम की छत भी लीक





**लखनऊ।** यूपी में तेज गर्मी और उमस के बीच हुई बारिश से मौसम बदल गया है। वहीं, बिजली कड़कने व भारी बारिश के बीच लोगों से अनावश्यक घरों से बाहर न निकलने की अपील की गई है।

यूपी में तेज और उमस भरी गर्मी के बीच लखनऊ व आसपास के इलाकों में हुई जोरदार बारिश से मौसम बदल गया है। बुधवार को दोपहर करीब एक बजे घने बादलों से अंधेरा छा गया और जमकर बारिश हुई। लगातार बारिश से लखनऊ विधानभवन के अंदर पानी भर गया और बाहर भी जलभराव जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। उधर, नगर निगम कार्यालय सहित कई प्रमुख कार्यालयों में भी जलभराव हो गया। समाजवादी पार्टी के विधायक शिवपाल यादव ने विधानसभा में पानी भरने के वीडियो को एक्स पर पोस्ट किया और सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि बजट की सबसे अधिक आवश्यकता विधानसभा को है। एक मूसलाधार बारिश में यह हाल हो गया है। बाकी प्रदेश भगवान भरोसे है।

मौसम विभाग ने बिजली कड़कने और भारी वर्षा के मद्देनजर लोगों से अनावश्यक घरों से बाहर न निकलने की अपील की है और जारी एडवायजरी में कहा गया है कि असुरक्षित भवनों व पेड़ों के संपर्क में आने से बचें। लोगों से घरों में ही रहने की अपील की गई है। भारी बारिश से लखनऊ शहर में जगह-जगह जलभराव हो गया है। हालांकि, बारिश के कारण लोगों को तेज गर्मी व उमस से राहत मिली है। इसके पहले मंगलवार को तराई समेत पूर्वी और दक्षिणी यूपी के कुछ इलाकों में हल्की बारिश से लोगों को थोड़ी राहत मिली। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक मानसून टर्फ के मध्य भारत से उत्तर की ओर खिसकने और यूपी में मानसून के सक्रिय होने से आने वाले दिनों में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के संकेत बन रहे हैं।

## न्यूज डायरी

### सीएम केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत के कविता की बढ़ी न्यायिक हिरासत, वीसी से हुई पेशी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में हुए शराब घोटाला मामले में जेल में बंद सीएम केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और के कविता की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। आबकारी नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत बुधवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने बढ़ा दी। न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर आरोपियों को तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सीबीआई मामले में आरोपियों की न्यायिक हिरासत नौ अगस्त तक और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धन शोधन मामले में 13 अगस्त तक बढ़ा दी।

### प्रदर्शन स्थल पर छात्रों को जाने से रोका, भारी पुलिस बल तैनात



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राजेंद्र नगर इलाके के राउ कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में तीन की मौत के बाद से छात्रों में गुस्सा है और लगातार प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली के राजेंद्र नगर में राव आईएएस कोचिंग सेंटर में हुए हादसे के बाद से छात्रों का प्रदर्शन जारी है। राजेंद्र नगर से लेकर मुखर्जी नगर तक छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, कोचिंग सेंटर के बाहर अभी भी छात्रों का प्रदर्शन चल रहा है। जिसे पुलिस हटा रही है। इसी के चलते यहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है। छात्रों को प्रदर्शन स्थल पर जाने नहीं दिया जा रहा। दिल्ली पुलिस का कहना है कि छात्रों के प्रदर्शन की शिकायत स्थानीय निवासी की है, क्योंकि इससे मार्ग अवरूद्ध हो रहा है। प्रदर्शनकारी छात्र वाहनों को जाने से रोक रहे है

#### एमसीडी कार्यालय पहुंचे प्रदर्शनकारी छात्र

राजेंद्र नगर की घटना के बाद छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को एमसीडी कार्यालय पहुंचा। जहां एक छात्र ने बातचीत के दौरान कहा कि कुछ दिन पहले लाइब्रेरी में पानी भरने से हमारे दोस्तों की मौत हो गई थी। इसलिए, हम धरने पर बैठ गए। डीएम ने आज हमसे मुलाकात की और सुझाव दिया कि वह हमें एमसीडी कार्यालय में निदेशक से मिलवाएंगे। इसलिए, हम उनसे मिलने आए हैं। हम अपनी सभी शिकायतें और सवाल उठाएंगे और जवाब मांगेंगे।

#### प्रदर्शनकारी छात्रों से मिले एमसीडी के अतिरिक्त आयुक्त

एमसीडी के अतिरिक्त आयुक्त तारिक थॉमस ने 27 जुलाई को ओल्ड राजेंदर नगर में एक कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में बारिश का पानी भर जाने के बाद तीन छात्रों की मौत के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठे प्रदर्शनकारी छात्रों से बातचीत की। प्रदर्शनकारी छात्रों से बात करते हुए तारिक थॉमस ने कहा कि यह हम सभी की और व्यक्तिगत रूप से मेरी भी विफलता है। यह अधिकारियों के रूप में हमारी विफलता है कि यह घटना हुई। ऐसा नहीं होना चाहिए था। हमें अपना कर्तव्य बेहतर तरीके से निभाना चाहिए था।

### पीएम मोदी ने दरबान सिंह नेगी का 110 साल पुराना सपना पूरा किया : अनिल बलूनी



**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के गढ़वाल से भाजपा सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गढ़वाल के वीर सपूत दरबान सिंह नेगी के 110 साल पुराने सपने को साकार किया। बुधवार को संसद में अनिल बलूनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेल गाड़ी को किस्से कहानियों से निकाल कर उत्तराखंड के कोने-कोने तक पहुंचाया है। अनिल बलूनी ने कहा कि रेलवे के इतिहास के लिए बीते 10 साल काफी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, वहां कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी वहां रेल पहुंच सकती है। आज भी पहाड़ों पर ऐसे लोग मिल जाएंगे, जिन्होंने आज तक कभी रेल की पटरी नहीं देखी। अनिल बलूनी ने 110 साल पुरानी घटना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रथम विश्व युद्ध में गढ़वाल राइफल्स के वीर सेनानी थे दरबान सिंह नेगी। उनको उनके साहस और पराक्रम के लिए विक्टोरिया क्रॉस से सम्मानित किया गया। दरबान सिंह को जॉर्ज पंचम ने सम्मानित किया था। उन्होंने पूछा कि तुम्हारी इच्छा क्या है। उन्होंने कहा कि हो सके तो ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक रेल पटरी बिछा दीजिएगा। 1922 तक रेलवे का सर्वे का विवरण मिलता है। इसके बाद दशक के बाद दशक बीत गए।

## केंद्र सरकार आपदा प्रबंधन को लेकर विधेयक लाएगी : अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वायनाड की आपदा पर दुख जाहिर करते हुए वायनाड और केरल की जनता को यह आश्वासन दिया कि मोदी सरकार उनके साथ चट्टान की तरह खड़ी है। केरल के वायनाड में हुई भूस्खलन की घटना के मद्देनजर बुधवार को लोकसभा में नियम-197 के अंतर्गत हुई चर्चा का जवाब देते हुए अमित शाह ने कहा कि भारत सरकार ने राहत और बचाव के लिए हरसंभव प्रयास किए हैं और बचाव प्रक्रिया से जुड़ा हर विभाग उस क्षेत्र में मौजूद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं कंट्रोल रूम से सारी जानकारी ले रहे हैं, मैं भी लगातार जानकारी ले रहा हूं और मेरे गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय हर दिन नियंत्रण कक्ष में चार घंटे मौजूद रहते हैं और स्थिति की निगरानी करते हैं। मैं केरल के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम राहत और पुनर्वास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। भारत सरकार जरूरत की इस घड़ी में केरल सरकार, केरल और वायनाड की जनता के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने सदन को यह जानकारी भी दी कि केंद्र सरकार आपदा प्रबंधन को लेकर एक विधेयक लाने जा रही है, जो इसी सत्र में लाया जा सकता है। सभी राज्य सरकारों को आपदा प्रबंधन का अभ्यास करना चाहिए। वायनाड की दुखद आपदा में जिन लोगों ने अपने स्वजन गंवाए हैं और जो घायल हुए हैं, उन सभी के परिवारजनों के साथ मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। ये समय केरल की सरकार, केरल की जनता और विशेषकर वायनाड के लोगों के साथ चट्टान की तरह खड़े रहने का है और इसके लिए मोदी सरकार कटिबद्ध है। मैं इस सदन के माध्यम से केरल और वायनाड की जनता से कहना चाहता हूं कि भारत सरकार की ओर से हरसंभव मदद और हरसंभव प्रयास बचाने के लिए, रिलीफ के लिए और पुनर्वास के लिए किए जाएंगे।

## वायनाड हादसा : आर्मी, एयरफोर्स, नेवी समेत 1,200 कर्मी बचाव के लिए तैनात, 145 करोड़ की मदद



**नई दिल्ली।** केरल के वायनाड में अत्यधिक बारिश और भूस्खलन के कारण भारी तबाही हुई है। कई स्थानों पर बाकी जगहों से संपर्क टूट गया है। ऐसे में तीन वेली पुलों के निर्माण के लिए आर्मी की मद्रास इंजीनियरिंग ग्रुप के कालम तैनात किए गए हैं।

इसके अलावा एनडीआरएफ की चार टीम, आर्मी के चार कालम, नेवी की एक टीम, तटरक्षक बलों की तीन यूनिट, अग्निशमन सेवाओं, राज्य पुलिस स्थानीय इमरजेंसी रिस्पांस टीम समेत लगभग 1,200 कर्मी राहत और बचाव अभियान में 24 घंटे कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार को 145 करोड़ की राशि भी प्रदान कराई गई है। यह जानकारी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को राज्यसभा के समक्ष रखी। उन्होंने सदन में बताया कि बचाव और खोज कार्य में सेना के डॉग स्क्वाड को भी तैनात किया गया है। इसके अलावा आर्मी की डीसी सेंट्रल कन्नूर की दो टुकड़ियां भी तैनात की गई हैं। त्रिवेंद्रम की 91 इन्फेंट्री ब्रिगेड की दो टुकड़ियों को रवाना कर दिया गया है। भारतीय आर्मी के दो हेलीकॉप्टर और नेवी का एक हेलीकॉप्टर बचाव कार्य में विशेष रूप से लगे हैं। सेना की मेडिकल टीम भी घटनास्थल पर मौजूद है और घायलों को चिकित्सा प्रदान कर रही है। उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना के जहाज को क्षतिग्रस्त पुल के दूसरी ओर बचाव और भूमि मार्ग से आवाजाही प्रदान करने के लिए तैनात किया गया है। प्रभावित इलाकों में अतिरिक्त संसाधन भेजे जा रहे हैं। गृह मंत्रालय के दोनों नियंत्रण कक्ष 24 घंटे से निगरानी कर रहे हैं और राज्य को प्रत्येक संभव सहायता प्रदान की जा रही है। 31 जुलाई को स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फंड से 145 करोड़ की राशि राज्य सरकार को प्रदान कराई गई है।

केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि पहले सुपर साइक्लोन आया था, जिसमें 10 हजार लोगों की मौत हुई। आज हम जीरो मौत के स्तर पर पहुंच गए हैं। यह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डिजास्टर मैनेजमेंट के लिए किया जा रहा काम, तकनीक का उपयोग, आपदा प्रबंधन में दी जा रही राशि का प्रभाव है। भारत सरकार की विभिन्न संस्थाओं ने पेड़ लगाने का काम किया है। पैरामिलिट्री फोर्सेस ने भी रिकॉर्ड संख्या में पेड़ लगाने का काम किया है। भारत का आपदा प्रबंधन ऐसा है, जिस पर देश के साथ-साथ विदेशों को भी भरोसा है। कई देशों के आपदा के समय चाहे वह भूकंप हो या अन्य आपदा हो, उस समय भी भारत बढ़-चढ़कर उनके सहयोग के लिए आगे गया है। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि केरल के वायनाड में भूस्खलन की घटना के तुरंत बाद ही प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने राज्य सरकार से संपर्क किया और केंद्र जितनी सहायता कर सकता है, वह सभी सहायता की जा रही है।

## भाजपा हर धर्म, जाति और संप्रदाय की पार्टी: मंत्री असीम अरुण



**लखनऊ।** लोकसभा में मंगलवार को भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने 'जिसकी जाति का नहीं पता, वह जातिगत जनगणना की बात करता है' वाला बयान दिया। उनके इस बयान पर सियासी घमासान जारी है। अखिलेश यादव ने भाजपा पर जाति की राजनीति करने का आरोप लगाया तो योगी सरकार में मंत्री असीम अरुण ने पलटवार कर दिया।

असीम अरुण ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल नारा 'सबका साथ, सबका विकास' है और हमारी हर नीति इसी सिद्धांत पर आधारित है। यह नारा सभी धर्मों और जातियों को एक साथ लाने का प्रयास है। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वह जो 'पीडीए' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, वह जाति और धर्म से संबंधित है।

उन्होंने कहा कि भाजपा हर धर्म, जाति और संप्रदाय की पार्टी है। हम हर घर जाकर वोट मांगते हैं। हम सबका आशीर्वाद लेते हैं। भाजपा जाति के बंधन को तोड़ने का काम करती है। हम रोटी-बेटी के रिश्ते को प्रोत्साहित करते हैं। हर जाति-धर्म के लोगों की विकास के लिए हम काम करते हैं। भाजपा की नीतियां सभी वर्गों के विकास को ध्यान में रखती है। दरअसल, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा था कि देश का बजट बनाने वाले लोगों में ओबीसी और दलित जातियों के लोगों को शामिल नहीं किया जाता। राहुल गांधी ने आगे हलवा सेरेमनी का जिक्र करते हुए कहा था कि उसमें कितने पिछड़े, दलित और ओबीसी समाज के लोग हैं। इस दौरान उन्होंने जाति गणना कराने की मांग भी रखी थी। राहुल गांधी के इस मांग पर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा था कि जिसकी जाति के बारे में पता नहीं है, वह गणना की बात करता है। ठाकुर के इस बयान पर लोकसभा में विपक्षी सांसदों ने जोरदार हंगामा किया था।

### आटा गूंदने वाली मशीन के पट्टे में फंसकर बालिका की मौत



**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक बालिका की आटा गूंदने वाली मशीन के पट्टे में फंसकर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर दुकान को सील कर दिया। वहीं, हादसे के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। रोहिणी जिला के बेगमपुर इलाके में मंगलवार रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। आटा गूंदने वाली मशीन के पट्टे में फंसकर एक नाबालिग की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मोमोज की दुकान पर काम करते समय 15 वर्षीय प्रवेश के धड़ का ऊपरी हिस्सा मशीन में चला गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर दुकान को सील कर दिया गया। वहीं, हादसे के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। नाबालिग मोमोज की दुकान में काम करती थी। पुलिस परिजनों व बाकी लोगों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

## हमारी सरकार ने खोले आठ लाख कर्मचारियों के पेंशन खाते : मुख्यमंत्री योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में न्यू पेंशन स्कीम को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने न्यू पेंशन स्कीम के अंतर्गत राज्यांश को बढ़ाकर 14 प्रतिशत कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधान परिषद में न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) को लेकर वक्तव्य दिया। एनपीएस पर पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के बाद राज्य के करीब 8 लाख कर्मचारियों का पेंशन खाता खोलने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि 2005 में जब न्यू पेंशन स्कीम लागू हुई तब प्रदेश में मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में सपा सरकार थी। वहीं, 2007 से 2012 तक बसपा और फिर 2012 से 2017 तक सपा सत्ता में थी, मगर ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक भी कर्मचारी का पेंशन खाता नहीं खोला गया।

उन्होंने कहा कि 2018 में जब ये बात हमारे संज्ञान में आई तब हमने तत्कालीन फाइनेंस सेक्रेटरी की अध्यक्षता में कमेटी गठित की। इसमें संबंधित विशेषज्ञों को भी रखा गया। कर्मचारी संगठनों से भी चर्चा की गई। ये लगभग आठ लाख कर्मचारियों से संबंधित मुद्दा था तब ये बात सामने आई थी कि कर्मचारी की लास्ट पेमेंट जो ड्रॉ होगी उसका 50 प्रतिशत देने के लिए आवश्यक होगा कि सरकार अपना शेयर थोड़ा और बढ़ाए।

आंकलन में पता लगा कि अगर सरकार और कर्मचारी समय से पैसा जमा करें और कर्मचारी किसी स्कीम से अपना पैसा जोड़ता है तो रिटायरमेंट के बाद करीब 60 प्रतिशत तक पैसा पेंशन के रूप में उसे प्राप्त हो सकता है। इसके बाद हमने पेंशन स्कीम में सरकार के शेयर को 10 फीसदी से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया है। हमने सभी कर्मचारियों के अकाउंट खोले, 2005 से 2017 तक का पैसा जो कर्मचारियों के खाते में नहीं गया था क्योंकि खाता ही नहीं था, उस पैसे को भी डालने का कार्य किया।

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि 2005 में न्यू पेंशन स्कीम लागू होने के वक्त जिन कर्मचारियों की नियुक्ति अंतिम चरण में थी, ऐसे 70 हजार लोगों को ओल्ड पेंशन स्कीम में ही रखा गया। इनमें एक बड़ी संख्या शिक्षकों की है। सीएम योगी ने कहा कि न्यू पेंशन स्कीम को प्राइवेट बैंकों में जमा करने की शिकायत को गंभीरता से लिया गया है और इसमें कार्रवाई भी की गई है साथ ही धनराशि को वापस लाने का कार्य किया गया है। सरकार की प्राथमिकता होती है कि किसी भी सरकारी स्कीम का पैसा राष्ट्रीयकृत बैंक में ही जुड़े। इससे पहले मुख्यमंत्री ने लाल बिहारी यादव को विधान परिषद में नेता विरोधी दल बनने पर बधाई दी और चुटकी लेते हुए कहा कि आशा करता हूं कि आप हमेशा नेता विरोधी दल बने रहें। उन्होंने कहा कि ये उच्च सदन है, यहां आने वाले माननीय सदस्यगण सभी समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। कुछ स्थानीय निकाय, कुछ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र, कुछ स्नातक मतदाताओं व माननीय राज्यपाल जी के मनोनयन से यहां आते हैं। सरकार आपकी भावनाओं का पूरा सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही पीठ से जो भी आवश्यक दिशा-निर्देश मिलते हैं, उनका भी सम्मान किया जाता है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# जब गाजियाबाद के उद्योगपति बैठे जिलाधिकारी के साथ तो कई विषयों पर हुआ काम

## अवैध पार्किंग से लेकर पुलिस व्यवस्था और विद्युत आपूर्ति को दुरूस्त करने पर हुआ विचार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कलैक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ने की। बैठक में कई विषय आये और बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि उद्योगपतियों का कोई भी मामला किसी भी दशा में लंबित ना रहे। उन्होंने कहा कि औद्योगिक ईकाइयों को सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये।

बैठक में जितने भी विषय रखे गये उनसभी की विभाग समीक्षा की गई और सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने और मामले को निस्तारित करने का निर्देश दिया गया।





### औद्योगिक क्षेत्र में अवैध पार्किंग और अतिक्रमण करने वालों के होंगे चालान

**करंट क्राइम।** औद्योगिक क्षेत्र में अवैध क्षेत्र में ट्रक खड़े करने वाले लोग, अतिक्रमण करने वाले लोग सावधान हो जायें क्योंकि अब ऐसे लोगों के चालान कटेंगे। कविनगर औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष अरूण शर्मा ने भी बताया कि आरटीओ विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वो अवैध रूप से पार्किंग करने और अवैध रूप से वाहनों को सड़कों पर खड़ा करने वालों के चालान किये जायेंगे। इसके अलावा जिन लोगों ने औद्योगिक क्षेत्र की सड़को पर खोखे, ढाबे बनाये हैं, अतिक्रमण किया है उन पर पुलिस और सम्बन्धित विभाग कार्यवाही करेगा।

### जिलाधिकारी ने कहा उद्यमियों को किसी प्रकार की धमकी शिकायत से भयभीत होने की जरूरत नहीं

करंट क्राइम। बैठक में साउथ साइड जीटी रोड औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों द्वारा जिलाधिकारी गाजियाबाद को अवगत कराया गया कि उनके क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों को विभिन्न सामाजिक तत्वों द्वारा प्रदूषण, इकाई में विभिन्न प्रकार की कमियों आदि के विषय में डरा धमका कर इकाइयों का उत्पीड़न किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा उद्यमियों को आशवस्त किया गया कि यदि इकाई निर्धारित मानक के अनुरूप संचालित हो रही हैं तो उन्हें किसी भी प्रकार की धमकी अथवा शिकायत आदि से भयभीत होने की कोई जरूरत नहीं है। यदि ऐसा कोई प्रकरण संज्ञान में है तो संबंधित विभाग की ओर से उक्त की जांच कराते हुए गलत पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### स्वदेशी कंपाउंड में बनेगा फायर स्टेशन

**करंट क्राइम।** कविनगर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित स्वदेशी पॉलिटिक्स कंपाउंड में फायर स्टेशन की स्थापना होगी। कविनगर औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष अरूण शर्मा ने ये जानकारी देते हुए बताया कि इंडस्ट्रियल एरिया में स्वदेशी पॉलिटिक्स कंपाउंड में फायर स्टेशन की स्थापना होगी। यूपी सीडा ने पहले भी यहां फायर स्टेशन के लिए स्थान आरक्षित कराया था। उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा फायर स्टेशन की स्थापना के सम्बन्ध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद, क्षेत्रीय प्रबंधक, यूपीएसआईडीए तथा सम्बन्धित भू स्वामी स्वदेशी पॉलिटिक्स को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए मानक के अनुरूप कार्यवाही करते हुए अगली बैठक में सकारात्मक आख्या प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

### औद्योगिक ईकाईयों को मिले सुचारू विद्युत आपूर्ति और बदले जायें जर्जर तार तथा इंसुलेटर

करंट क्राइम। विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं पर संबंधित अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता को औद्योगिक इकाइयों को निर्बाध एवं सुचारू विद्युत आपूर्ति किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। साउथ साइड जीटी रोड औद्योगिक क्षेत्र में जर्जर तार एवं इंसुलेटर को बदले जाने के संबंध में अधिशासी अभियंता विद्युत द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त कार्य बिजनेस प्लान के अंतर्गत कराया जाना है जिसकी निविदाएं आमंत्रित की जा रही है।

# कांवड़ यात्रा के बाद कमिश्नरेट में फिर होगा कोई बदलाव !

## 15 दिन में तीन आईपीएस अधिकारी गाजियाबाद से भेजे गए बाहर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बीते 15 दिनों के दौरान तीन डीसीपी स्तर के आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए जा चुके हैं। बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आईपीएस अधिकारी शुभम पटेल का लखनऊ तबादला हो गया है।

उनको पुलिस अधीक्षक अधिसूचना लखनऊ बनाया गया है। तो वहीं इससे पहले विवेक चंद्र यादव और कुंवर ज्ञानंजय सिंह का भी तबादला हुआ है। बीते 15 दिनों के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से एक के बाद एक अधिकारियों के तबादले कई तरीके की चर्चा और सवाल पैदा करने वाले हैं। वही सूत्र जानकारी दे रहे हैं की कांवड़ यात्रा समाप्त होने के बाद कुछ और अधिकारी अलग-अलग स्तर के रडार पर आ सकते हैं। जो तबादला एक्स्प्रेस में सवार होंगे।

### निमिष पाटिल को मिला डीसीपी लाइन का भी प्रभाव



**करंट क्राइम ।** आईपीएस अधिकारी विवेक चंद्र यादव का गाजियाबाद से तबादला हुआ था, उनका तबादला होने के बाद पुलिस लाइन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद डीसीपी का पद खाली चल रहा था। अब जानकारी है कि आईपीएस अधिकारी निमिष दक्षरथ पाटिल को डीसीपी लाइन का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। साथ ही वह यातायात की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी संभालेंगे। बता दे कि इससे पहले अंडर ट्रेनिंग आईपीएस के तौर पर वह पूर्व में भी एएसपी लाइन का भी प्रभार संभाल चुके हैं।

### कांवड़ यात्रा के बाद कमिश्नरेट में क्या फिर होगा बदलाव

**करंट क्राइम ।** जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीते 15 दिनों के बाद एक के बाद एक तीन आईपीएस अधिकारियों को तबादला हो चुका है, उसको लेकर एक नई चर्चा शुरू हो गई है, कि कांवड़ यात्रा के बाद फिर तबादला एक्सप्रेस रफ्तार पकड़ सकती है। इसमें कुछ वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को फिर सवार किया जा सकता है। अब देखना होगा कांवड़ यात्रा के बाद कौन आईपीएस अधिकारी तबादला एक्सप्रेस में सवार होता है और कौन सेफ रह जाता है।

# एमएलसी दिनेश गोयल ने उठाया बांग्लादेशी और रोहिंग्या से जुड़ा मामला

## सदन में उठाई आवाज और कहा घुसपैठियों को भारतीय नागरिक बनाने की साजिश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एमएलसी दिनेश गोयल विधान परिषद में लगातार सवाल उठाते रहते हैं। इस बार सदन में सवाल उठाया और नियम 110 के अन्तर्गत सूचना मांगी। एमएलसी दिनेश गोयल के सवाल के बाद एक बड़ा बवाल आने की उम्मीद है। उन्होंने अपने पत्र में एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि मैं सदन में लोक महत्व के इस विषय पर कार्यवाही हेतु चर्चा की मांग करता हूं।



उन्होंने बुधवार को ये मामला सदन में उठाया और विधान परिषद के प्रमुख सचिव को पत्र लिखा। एमएलसी दिनेश गोयल ने एक बड़ा खुलासा किया है और रायबरेली के सलोन कस्बे का मुद्दा उठाया है। अमेठी के चुनाव में फर्जी मतदान की आशंका जताई है और उन गांव का जिक्र हुआ है जहां जनसंख्या से ज्यादा जन्म प्रमाण पत्र बन गये हैं। एमएलसी दिनेश गोयल ने लोक महत्व के इस सुनिश्चित और अविलम्बीय विषय पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु चर्चा की मांग की है। एमएलसी दिनेश गोयल के साथ एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने भी यह मांग की है।

### 6 हजार की आबादी वाले गांव में बन गये दस हजार से ज्यादा जन्म प्रमाण पत्र

**करंट क्राइम।** एमएलसी दिनेश गोयल ने घुसपैठियों को भारतीय नागरिक बनाने की घिनौनी साजिश का खुलासा किया है। उन्होंने बताया है कि नुरुरूदीन कस्बे की आबादी 6 हजार के करीब है और यहां 10 हजार से अधिक प्रमाण पत्र बन गये हैं। इसी तरीके से रायबरेली के सलोन कस्बे में जनसुविधा केन्द्र संचालन और बीडीओ की मिली भगत से 19 हजार से अधिक फर्जी जन्मप्रमाण पत्र बने हैं। लहुरेपुय गांव में 3841 जन्म प्रमाण पत्र बने हैं जबकि यहां की आबादी ही मात्र 2800 है।

### नहीं रहते हैं गांव में उस धर्म जाति के लोग और बन गये यहां भी फर्जी प्रमाण पत्र

**करंट क्राइम।** नागरिकता संशोधन कानून लागू होने के बाद देशद्रोही तत्वों ने यहां भी फर्जीवाड़ा कर लिया है। हिंदु बनकर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के इस फर्जीवाड़े को सीएमओ द्वारा पकड़ा गया। कई ऐसे गांवों के पते पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाये गये हैं जहां उस धर्म जाति के लोग रहते ही नहीं है। माना जा रहा है कि इस फर्जीवाड़े की शुरूआत नागरिकता संशोधन कानून लागू होने के बाद हुई। सीएमओ के अनुमोदन के साथ अब जन्म प्रमाण पत्र के मामले का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।

### एमएलसी ने जताई अमेठी और रायबरेली में फर्जी मतदान की आशंका

**करंट क्राइम।** एमएलसी दिनेश गोयल ने मामला उठाया है और कहा है कि ऐसे लोग जिनका ना घर है ना परिवार है फिर भी हजारों की संख्या में उनके जन्म प्रमाण पत्र तैयार हुए हैं। घुसपैठियों को भारतीय नागरिक बनाने की यह घिनौनी शाजिश है। उन्होंने इस फर्जीवाडे के तार बंग्लादेश और रोहिंग्या से जुड़ने की आशंका व्यक्त की। एमएलसी दिनेश गोयल और एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने अपने पत्र में कहा कि फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर मतदाता पहचान पत्र आधार कार्ड राशन कार्ड बनाकर राय बरेली और अमेठी में 2024 के लोकसभा चुनाव में भी फर्जी मतदान हुआ होगा। ऐसी आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

### दिनेश गोयल ने उठाया लखनऊ में ऐलीवेटिड रोड बनाने का भी मामला

**करंट क्राइम।** एमएलसी दिनेश गोयल ने लखनऊ में हैदर कैनाल नाले पर ऐलीवेटिड रोड बनाने का मामला उठाया है। उन्होंने विधान परिषद के मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए 25 साल पहले हैदर कैनाल नाले पर ऐलीवेटिड रोड बनाने का प्रस्ताव बनाया गया था। राजाजीपुरम से शुरू होकर कालीदास मार्ग होते हुए हैदर कैनाल नाला गोमती नदी तक जाने वाले इस नाले पर ऐलीवेटिड रोड तो नहीं बन पाई। लेकिन नाले पर तथा उसके किनारे अनगिनत अवैध कब्जे जरूर हो गये।

राजाजीपुरम से लेकर 6-7 किलोमीटर के दायरे में नाले के दोनों और पक्के निर्माण करा लिये गये हैं। इन अवैध रूप से निर्मित घरों में रहने वाले लोगों ने अपना अपना वोटर कार्ड आधार कार्ड भी बनवा लिया है। पूर्ववर्ती सरकार ने सेतु निगम द्वारा लाल बहादुर शास्त्री मार्ग से महात्मा गांधी मार्ग के बीच हैदर कैनाल नाले पर 840 मीटर लंबा ऐलीवेटिड रोड तो बना दिया लेकिन आगे ऐलीवेटिड रोड बनाने का काम रोक दिया। यदि राजाजीपुरम से हजरत गंज तक हैदर कैनाल नाले पर ऐलीवेटिड रोड का निर्माण करा दिया जाये तो आलमबाग क्षेत्र से लेकर हजरत गंज तक लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी और आगरा एक्सप्रेसवे तक पहुंचने में समय भी कम लगेगा। एलएलसी दिनेश गोयल ने इस विषय पर चर्चा की मांग की है।

# मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंची गाजियाबाद में श्रीराम सेतु की फाइल

## मांग उठाने वाले पार्षद संजय सिंह ने कहा जल्द ही लिखा जाएगा एलिवेटेड रोड पर श्री राम सेतु वाला नाम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के उद्घाटन के बाद देशभर में भगवान राम के नाम का शोर देखने को मिला था। इसी बीच वार्ड नंबर सौ के पार्षद संजय सिंह ने नगर निगम कार्यकारिणी के दौरान सदन में एलिवेटेड रोड के नाम को श्रीराम सेतु करने का प्रस्ताव रखा था। नगर निगम के सदन में यह प्रस्ताव महापौर ने पास किया था। सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस मामले में अब जो एलिवेटेड रोड का नाम श्रीराम सेतु करने की फाइल है, वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय तक पहुंच गई है। जल्द ही इस पर अनुमति मिल जाएगी और फिर गाजियाबाद की एलिवेटेड रोड पर श्रीराम सेतु का नाम वाला बोर्ड भी लगा दिया जाएगा। वार्ड नंबर 100 के पार्षद संजय सिंह का कहना है कि इस मामले को वह दोबारा से नगर निगम के सदन में भी उठाने का काम करेंगे। वहीं सुनने में आ रहा है कि अगस्त माह में होने वाली बैठक में यह मुद्दा फिर उठाया जाएगा।

### 15 फरवरी को उठी थी आवाज, लोगों को है नाम बदलने का इंतजार

करंट क्राइम : 15 फरवरी 2024 को नगर निगम कार्यकारिणी के दौरान सदन में पास हुआ था कि गाजियाबाद की लगभग 10 किलोमीटर लंबी देश की पहली एलिवेटेड रोड का नाम जल्द बदलकर श्रीराम सेतु रखा जाएगा। इस मुद्दे को उठाए हुए लगभग 5 महीने से अधिक का समय बीत गया है लेकिन अभी सड़क पर ना तो रामसेतु वाला बोर्ड लगा है और ना इसको लेकर कोई तैयारी शुरू की गई है। उधर नगर निगम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस मामले की फाइल मुख्यमंत्री कार्यालय में है, जिस पर जल्द ही हस्ताक्षर होने के बाद यह काम शुरू हो जाएगा। बता दें कि नगर निगम सदन में जब एलिवेटेड रोड का नाम बदलने की आवाज उठी थी तो सभी ने सहमति जताई थी। साथ ही नगर निगम के सदन के भीतर भी भगवान जय श्रीराम के नारे लगाए गए थे।

# कैलाश मानसरोवर भवन की दुर्दशा पर बोले क्षेत्र के लोग, सामाजिक - धार्मिक कार्यक्रमों के उपयोग को खोला जाए भवन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** सहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में जिस थीम पर कैलाश मानसरोवर भवन को बनाया गया था, उसकी उपयोगिता नजर नहीं आ रही है। यहीं वजह है कि इसको संचालित करने वाली संस्था से लेकर सामाजिक व राजनैतिक स्तर पर आवाज उठ रही है कि इसका अन्य कार्यों के लिए भी प्रयोग होना चाहिए। कभी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों से उद्घाटन होने के तीन साल बाद भी बंद पड़ा यह संस्थान अब अपने उद्धार की आवाज उठा रहा है। अब यहां के हालात इतने खराब हो चुके हैं कि जो पत्थर मानसरोवर भवन की सुंदरता में चार चांद लगाते थे, आज वही उखड़ने लगे हैं। लोगों की सुविधा के लिए लगे यहां के सेंट्रलाइज्ड एसी, लिफ्ट, फ्रिज, टीवी, पंखे सब खराब होना शुरू हो चुके हैं। वहीं पर्यटन विभाग ने पिछले साल उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम से मानसरोवर भवन का हैंडओवर लिया था। फिर भी यह शुरू नहीं हो पाया है।

### कैलाश मानसरोवर भवन को बना दिया जाए लेडीज हॉस्टल: हिमांशु लव



**करंट क्राइम ।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने बताया है इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन को लेडीज हॉस्टल बना देना चाहिए। जिससे कुछ तो पैसा आएगा और मेंटेनेंस पर खर्च कम हो जाएगा। उन्होंने कहा इसके रखरखाव की जिम्मेदारी जीडीए को दी जाए। कैलाश मानसरोवर भवन में लगे उपकरण खराब हो रहे हैं। उन्होंने कहा शासन की संतुष्टि से ही जीडीए देखरेख करेगा, तो मेंटेनेंस का भी ध्यान रखा जाएगा। वहीं आम जनता के लिए इसको खोल देना चाहिए। जो लोग होटल व फार्म हाउस में शादी नहीं कर सकते, उसी जनता के सामाजिक धार्मिक कार्यों के लिए खोल देना चाहिए। जिससे जो पैसा आए उसे मेंटेनेंस पर खर्च किया जाए।

### मिट्टी में तब्दील हो रहा सरकारी पैसा: धीरज अग्रवाल



**करंट क्राइम ।** पार्षद धीरज अग्रवाल ने कहा कैलाश मानसरोवर भवन जनता के लिए खुलना चाहिए, कई सालों से बंद होने के कारण सरकार का पैसा मिट्टी में तब्दील हो रहा है। क्षेत्र की जनता के लिए इंदिरापुरम में कोई भी कम्युनिटी सेंटर नहीं है। कैलाश मानसरोवर भवन को आम जनता के लिए। सामाजिक व धार्मिक कार्यों के लिए खोल देना चाहिए, इससे सरकार को कुछ तो पैसा मिलेगा और भवन के मेंटेनेंस में खर्च हो।

दुर्दशा पर बोले क्षेत्र के लोग

### किसी संस्था को दिया जाए, जो करे रखरखाव: डॉ अनिल तोमर



**करंट क्राइम ।** पार्षद डॉक्टर अनिल तोमर ने बताया कि कैलाश मानसरोवर भवन इंदिरापुरम की शान है। उसके रखरखाव के लिए किसी संस्था को देना चाहिए। जिससे कुछ तो पैसा आए जो मेंटेनेंस पर खर्च हो, इंदिरापुरम कैलाश मानसरोवर भवन की ओर वीआईपी मूवमेंट रहता है। पिछली बार भी भाजपा का एक कार्यक्रम हुआ था। जिसमें व्यवस्था बिल्कुल बेकार थी, और वह कार्यक्रम होने में बहुत परेशानी हुई थी। आम जनता के लिए इसको खोल देना चाहिए, जो पैसा आए उसे उपकरण के ऊपर खर्च किया जाए जिससे रखरखाव ठीक तरह से हो सके।

### जनता के सामाजिक धार्मिक कार्यक्रम के लिए खोल देना चाहिए: कुलदीप सक्सेना



**करंट क्राइम।** इंदिरापुरम निवासी कुलदीप सक्सेना ने बताया कि इंदिरापुरम कैलाश मानसरोवर भवन में करोड़ों रुपए होनेबके बाद भी बदहाल है। उन्होंने कहा कि भवन को जनता के लिए सामाजिक व धार्मिक कार्यों के लिए खोल देना चाहिए, जो लोग पार्क में टेंट लगाकर अपने धार्मिक व सामाजिक कार्य करते हैं। वह कैलाश मानसरोवर भवन में कर सके और जो पैसा उनसे आए वह उसे पर मेंटेनेंस पर खर्च किया जाए। उन पैसा से रखरखाव हो सके। उन्होंने बताया कि इंदिरापुरम में कोई भी सामाजिक कार्य करने के लिए सामुदायिक केंद्र नहीं है, इसको आम जनता के लिए खोल देना चाहिए।

## संपादकीय

# केरल में एक के बाद एक तबाही

वायनाड में रात के दो–तीन बजे को बाद तीन बार भूस्खलन हुआ और उससे वहां अब तक सौ से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, करीब सौ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और काफी लोग लापता बताए जा रहे हैं। केरल में वायनाड के मेप्पाडी के पास सोमवार की रात को अचानक हुए भूस्खलन से जैसी तबाही हुई, उससे एक बार फिर यही रेखांकित हुआ है कि कुदरत के सामने समूची व्यवस्था कई बार लाचार हो जाती है। हालांकि प्रकृति के कहर को रोका भले न जा सके, लेकिन इससे बचाव के उपाय जरूर किए जा सकते हैं, ताकि जानमाल के नुकसान को कम से कम किया जा सके।

वायनाड में रात के दो–तीन बजे को बाद तीन बार भूस्खलन हुआ और उससे वहां अब तक सौ से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, करीब सौ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया और काफी लोग लापता बताए जा रहे हैं। हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है। यों राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन बल के कर्मचारियों सहित अन्य महकमों के राहतकर्मियों ने बचाव के लिए हर संभव प्रयास किया है, मगर त्रासदी है कि भूस्खलन से तबाह एक क्षेत्र पूरी तरह से अलग–थलग हो गया, जहां पहुंचना आसान नहीं है। भारी बारिश की वजह से राहत कार्य में बाधा पेश आई है।

गौरतलब है कि केरल में पिछले कुछ दिनों से लगातार भारी बारिश हो रही है, जिससे कई जगहों पर जनजीवन अस्त–व्यस्त है। मगर अब वहां कई जगहों पर बाढ़ और भूस्खलन जैसी त्रासदी भी दिखने लगी है। वायनाड में पहले भी घनघोर बारिश और उसकी वजह से भूस्खलन की घटनाएं होती रही हैं। मगर सोमवार रात वहां जो हुआ, उसने वायनाड के साथ–साथ सभी जगहों के लोगों के सामने एक खौफ का मंजर पैदा कर दिया है।

पहाड़ों के बीच बसे और हरा–भरा स्वर्ग कहे जाने वाले वायनाड की पारिस्थितिकी को बेहद नाजुक माना जाता है। पश्चिमी घाट के नजदीक होने की वजह से वहां भूस्खलन का खतरा बना रहता है। पश्चिमी घाट में तीव्र ढलान है और मानसून में भारी बारिश से मिट्टी इतनी गीली और ढीली हो जाती है कि भूस्खलन के मामले बढ़ जाते हैं। जाहिर है, यह स्थिति अगर कुदरतन पैदा होती है, तो इसे तत्काल रोकना शायद मुमकिन नहीं है, मगर हर वर्ष बारिश के मौसम में भूस्खलन की आशंका के मद्देनजर बचाव के एहतियाती इंतजाम जरूर किए जा सकते हैं।

# वित्त वर्ष 2023-24 में दाखिल हुए 6 करोड़ रिटर्न

## 70 प्रतिशत ने चुनी नई टैक्स रिजीम




**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 6 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल हो चुके हैं, इसमें से 70 प्रतिशत लोगों ने नई टैक्स रिजीम के तहत आयकर रिटर्न जमा किया है। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा की ओर से यह जानकारी दी गई है।

पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के पोस्ट बजट सत्र में मल्होत्रा ने कहा कि नई टैक्स रिजीम आने के समय शुरूआत में कुछ लोगों ने आशंकाएं जताई थी, लेकिन अब ज्यादा लोग सरल टैक्स प्रक्रिया की तरफ जा रहे हैं। नई टैक्स रिजीम के तहत सरकार ने आयकर की गणना को आसान कर दिया है। इसमें सात लाख रुपये तक की आय टैक्स फ्री है। वहीं, पुरानी टैक्स रिजीम में ये सीमा पांच लाख रुपये है। हालांकि, नई टैक्स रिजीम में धारा 80 सी जैसी छूट का फायदा नहीं मिलता है। नई टैक्स रिजीम को आकर्षक बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। बजट 2024-25 में 10 लाख रुपये तक की आय पर टैक्स को घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है।

वहीं, नौकरीपेशा लोगों को राहत देने के लिए सरकार ने स्टैंडर्ड डिडक्शन को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 75,000 रुपये कर दिया है। हालांकि, सरकार ने पुरानी टैक्स रिजीम में किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया है और छूट के सभी प्रावधानों को जस के तस रखा है। बता दें, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट में ऐलान किया था कि इनकम टैक्स एक्ट, 1961 का एक कंप्रिहेंसिव रिव्यू किया जाएगा और यह छह महीने में पूरा हो जाएगा।वित्त वर्ष 23 में 58 प्रतिशत कॉरपोरेट टैक्स नई टैक्स रिजीम के तहत जमा किया गया था।

## शेयर बाजार ऑल-टाइम हाई के करीब बंद, निफ्टी 24,950 के पार



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए बुधवार का कारोबारी सत्र मुनाफे वाला रहा। बाजार के बड़े सूचकांक अपने ऑल–टाइम हाई के करीब बंद हुए हैं। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 285 अंक या 0.35 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,741 और निफ्टी 93 अंक या 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,951 अंक पर था। सेंसेक्स और निफ्टी का ऑल–टाइम हाई क्रमश: 81,908 और 24,999 है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,132 शेयर हरे निशान, 1,820 शेयर लाल निशान और 84 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। सेंसेक्स पैक में जेएसडब्ल्यू स्टील, एशियन पेंट्स, मारुति सुजुकी, एनटीपीसी, भारती एयरटेल, आईटीसी और कोटक महिंद्रा बैंक टॉप गेनर्स हैं। टाटा मोटर्स, रिलायंस, इन्फोसिस, एमएंडएम और बजाज फाइनेंस टॉप लूजर्स हैं। छोटे और मझोले शेयरों का प्रदर्शन मिला–जुला रहा। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 367 अंक या 0.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 58,990 पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 69 अंक या 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,137 पर बंद हुआ। ऑटो, आईटी, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी और मेटल इंडेक्स तेजी के साथ बंद हुए हैं। वहीं, रियल्टी और पीएसयू बैंक दबाव के साथ बंद हुए हैं। एलकेपी सिक्योरिटीज में सीनियर टेक्निकल एनालिस्ट रूपक दे ने कहा कि निफ्टी आज पूरे सत्र के दौरान मजबूत रहा है। पुट राइटर्स का 24,900 की तरफ जाना इशारा कर रहा है कि निफ्टी में मजबूती है। 25,000 एक बड़ा रुकावट का स्तर है। जैसे ही ये पार होता है। अगले चरण की तेजी बाजार में शुरू हो जाएगी। अगर यहां से गिरावट होती है तो निफ्टी के लिए 24,750 एक मजबूत सपोर्ट लेवल होगा।

## दुनिया के शीर्ष 5 शेयर बाजारों में भारत टॉप परफॉर्मर



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में तेजी का ट्रेंड जारी है। लार्जकैप से लेकर छोटे और मझोले शेयर में खरीदारी देखी जा रही है। इस कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का कुल मार्केट कैप 462 लाख करोड़ रुपये (5.5 ट्रिलियन डॉलर से अधिक) हो गया है। इससे पहले 24 मई, 2024 को भारतीय शेयर बाजार का बाजार पूंजीकरण 5 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया था। शेयर बाजार का पहली बार बाजार पूंजीकरण 28 मई, 2007 को एक ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया था। वहीं, अगले 10 वर्षों बाद 10 जुलाई, 2017 को यह 2 ट्रिलियन डॉलर और अगले चार वर्षों बाद 24 मई, 2021 को 3 ट्रिलियन डॉलर और फिर अगले दो वर्ष से अधिक समय बाद को 30 नवंबर, 2023 को 4 ट्रिलियन और अगले छह महीने में 24 मई, 2024 को 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर गया था। दुनिया के शीर्ष पांच शेयर बाजारों में (बाजार पूंजीकरण) में 2024 की शुरूआत से अब तक 25 प्रतिशत से अधिक के रिटर्न के साथ भारतीय शेयर बाजार का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है।

# ऑनलाइन लेनदेन में तेजी, देश में 8011 फिनटेक कंपनियां



**नई दिल्ली।** मजबूत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और डिजिटल लेनदेन को प्रोत्साहित करने की सरकार की कोशिशों की बदौलत भारतीय फिनटेक कंपनियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इसका अंदाजा फिनटेक कंपनियों के बढ़ते राजस्व से लगाया जा सकता है। भारत डिजिटल क्रांति के मोर्चे पर दुनिया में सबसे आगे है। देश ने डिजिटल भुगतान में तेजी लाकर न सिर्फ वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) को अपनाया है बल्कि इसे अपनाने में दुनिया की अगुवाई कर रहा है। आरबीआई की ताजा करेंसी एंड फाइनेंस 2023-24 रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में फिनटेक को अपनाने की दर सबसे ज्यादा 87 फीसदी है। यह दर 64 फीसदी के वैश्विक औसत से 23 फीसदी अधिक है। 22 जुलाई, 2024 तक देश में फिनटेक कंपनियों की संख्या बढ़कर 8,011 पहुंच गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मजबूत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और डिजिटल लेनदेन को प्रोत्साहित करने की सरकार की कोशिशों की बदौलत भारतीय फिनटेक कंपनियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इसका अंदाजा फिनटेक कंपनियों के बढ़ते राजस्व से लगाया जा सकता है। 2030 तक फिनटेक कंपनियों का राजस्व 11.17 गुना बढ़कर 190 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। 2022 में यह आंकड़ा 17 अरब डॉलर रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय फिनटेक कंपनियों को जनवरी, 2018 से दिसंबर, 2023 के बीच करीब 27 अरब डॉलर की फंडिंग मिली है। इसमें घरेलू और विदेशी फंडिंग दोनों शामिल है।

### आंकड़े

- 42.4 करोड़ यूपीआई यूनिक यूजर्स
- 95.4 करोड़ इंटरनेट सब्सक्रिप्शन
- 46.7 करोड़ सोशल मीडिया यूजर्स
- 116.5 करोड़ वायरलेस सब्सक्रिप्शन
- 75.0 करोड़ स्मार्ट फोन यूजर्स
- 138 करोड़ आधार जारी हुए हैं

## राशिफल

**मेष:** नौकरी में तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा और पदोन्नति के भी योग बनेंगे। मेष और सिंह का सहयोग ले सकते हैं। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**वृष:** नौकरी और व्यवसाय के लिए अनुकूल है और इस राशि से तृतीया का गोचर छात्रों को लाभ देगा। धार्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। सफेद और नारंगी रंग शुभ हैं।

**मिथुन:** आज का दिन आपके लिए धन और ऐश्वर्य देने वाला है। बिजनेस अपना फुल फॉर्म ले लेगा। परिवार के साथ यात्रा हो सकती है। नीला और हरा रंग शुभ हैं।

**कर्क:** इस राशि में सूर्य के गोचर से नौकरी में बहुत सुखद समाचार सुनने को मिल सकते हैं। आप हर कार्य में सफल होंगे। व्यापार में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** इस सप्ताह व्यापार में विशेष प्रगति हो रही है। पैसों के खर्च को लेकर सावधान रहना होगा। शिक्षा के क्षेत्र में सूर्य और चंद्रमा के गोचर से आपको लाभ हो सकता है।

**कन्या:** व्यापार बहुत अच्छा रहेगा। प्रतिदिन माता दुर्गा और शिव के मंदिर में जाकर उनका आशीर्वाद लें। पैसा आएगा। नौकरी में तरक्की की संभावना है।

**तुला:** नौकरी को लेकर कुछ तनाव रहेगा। शुक्र और चंद्रमा का गोचर व्यापार में लाभ प्रदान करेगा। हनुमान जी की पूजा करते रहें। मेष राशि के मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक:** बैंकिंग से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। आध्यात्मिक प्रगति से आप प्रसन्न रहेंगे। आप एक नई व्यावसायिक योजना पर निर्णय ले सकते हैं।

**धनु:** धन की प्राप्ति शुरू होगी। परिवार में कुछ तनाव हो सकता है। व्यापार में रुके हुए धन के आगमन से प्रसन्नता होगी। राजनीति में विशेष लाभ का योग है।

**मकर:** आपको आर्थिक सफलता मिलेगी। बैंकिंग, आईटी और टीचिंग में काम करने वालों की तरक्की होगी। हरा और बैंगनी रंग शुभ होता है।

**कुंभ:** शनि अभी इस राशि से बारहवें भाव में है। विद्यार्थियों को सफलता मिलेगी। व्यापार से जुड़ा कोई नया काम शुरू होगा। भगवान शिव की नित्य पूजा करें। हरा शुभ है।

**मीन:** गुरु अभी इस राशि में है। नौकरी और व्यापार में आपको सफलता मिलेगी। सूर्य का पंचम गोचर अत्यंत फलदायी है। पैसों के लेन–देन के प्रति सचेत रहें।

## चुटकुले

एक दिन की बात है पप्पू
अपने दोस्त के साथ सिनेमा हाल में फिल्म देखने गया
फिल्म देखते–2 बार–बार टायलेट जाता, बैठता फिर जाता।
अब उसके दोस्त को गुस्सा आ गया और वो पप्पू से बोला– अबे तुझे चैन नहीं है क्या
जो बार बार जाता है ?
पप्पू धीरे से बोला– यार 'चैन' तो है
पर साली खुल ही नहीं रही यार !

---

प्रोफैसर ने क्लास में पुछा गाली की परिभाषा बताओ।
स्टूडेंट बोला–अत्यधिक क्रोध आने पर शारीरिक
रूप से हिंसा न करते हुए, मौखिक
रूप से की गयी हिंसात्मक
कार्यवाही के लिए चुने गए
शब्दों का समूह , जिसके उच्चारण के
पश्चात मन को असीम शांति का अनुभव
होता हैं, उसे हम गाली कहते हैं !!
प्रोफेसर–आपके चरण कहाँ हैं प्रभु

## रोचक तथ्यों का करंट

- एनबीसी और एटी एंड टी ने कारपोरेट और सरकारी धमकियों का इस्तेमाल एफएम रेडियो के आविष्कारक एडविन आर्मस्ट्रांग के जीवन को नष्ट करने के लिए किया, जिससे उनको आत्महत्या करनी पड़ी।
- लियो फेंडर, टेलीकास्टर और स्ट्रैटेकास्टर के आविष्कारक, गिटार नहीं बजा सकते थे।
- रॉबर्ट टेलर, साबुन–में–एक–पंप–बोतल (सोफ्ट्सओप) के आविष्कारक को पता था कि कोलगेट जैसे बड़े प्रतियोगियों अपने उत्पाद की प्रतिलिपि ( नकल ) करने का प्रयास करेंगे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे उसे प्रतिलिपि नहीं कर सके, उन्होंने अमेरिका में हर छोटी बोतल हाथ पंप (100 मिलियन बोतलों) खरीदा। इसके परिणामस्वरूप बाजार का एक वर्ष स्वयं को मिला।
- एडिसन ने साल 1903 में एक हाथी को बिजली का झटका दे दिया था ताकि टेस्ला के एसी करंट को खतरनाक साबित कर सके।
- बबल व्रैप के, अल्फ्रेड फील्डिंग और मार्क चावेंस आविष्कारक मूल रूप से 3 डी प्लास्टिक वॉलपेपर बनाने की कोशिश कर रहे थे, जो कि उनकी विफलता थी।




दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं, अब चीन की इस खिलाड़ी से होगा सामना



### पदक पक्का करने से एक जीत दूर

लवलीना अब ओलंपिक में अपना दूसरा पदक जीतने से एक जीत दूर हैं। लवलीना के सामने क्वार्टर फाइनल में चीन की ली कियान की कड़ी चुनौती होगी जो दो बार की ओलंपिक पदक विजेता हैं। लवलीना को कियान के खिलाफ एशियाई खेलों के महिला 75 किग्रा फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। लवलीना और कियान के बीच चार अगस्त को मुकाबला खेला जाएगा। लवलीना ने टोक्यो ओलंपिक में 69 किलो वर्ग में कांस्य पदक जीता था वह लगातार दूसरे ओलंपिक में पदक जीतने और भारतीय मुक्केबाजी में अभूतपूर्व उपलब्धि अपने नाम करने से महज एक जीत दूर हैं। इस मुकाबले में जीत से लवलीना का कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित हो जाएगा। कियान ने टोक्यो ओलंपिक में 75 किलो वर्ग में रजत पदक जीता था और रियो ओलंपिक 2016 में भी कांस्य पदक अपने नाम किया था।

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने राउंड ऑफ 16 मुकाबले में शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज कर और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। उन्होंने यह मुकाबला सर्वसम्मति से जीता। लवलीना ने महिला 75 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ-16 में नॉर्वे की सुनिवा होफस्टाड को मात दी। लवलीना ने शानदार शुरूआत करते पहला राउंड अपने नाम किया था।

लवलीना को शुरूआती राउंड में सभी जजों ने 10-10 अंक दिए, जबकि सुनिवा को प्रत्येक जज से नौ-नौ अंक मिले। इस तरह लवलीना ने यह राउंड सर्वसम्मति से अपने नाम किया। लवलीना ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरे दौर में भी सर्वसम्मति से जीत दर्ज की। लवलीना ने इस दौर में अपनी प्रतिद्वंद्वी पर सटीक मुक्के जड़े जिससे सभी जजों ने उनके पक्ष में फैसला दिया। तीसरे दौर में भी लवलीना ने लय बरकरार रखी और आसानी से जीत हासिल की।

लवलीना ने अपने पहले दौर के मुकाबले में प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज से दूरी बनाकर जवाबी हमला किया, जबकि नॉर्वे की खिलाड़ी उन्हें पकड़कर समय बर्बाद करने की कोशिश में दिख रही थीं। पर भारतीय मुक्केबाज ने संयम बनाए रखा और सटीक मुक्के जड़कर अंक जुटाए। लवलीना को मुश्किल ड्रॉ मिला है। लेकिन इस चुस्त मुक्केबाज ने हमेशा की तरह चुनौतीपूर्ण मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन की क्षमता जारी रखी जैसी उन्होंने टोक्यो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में विश्व चैंपियन चेन निएन चिन को हराकर कांस्य पदक हासिल करके दिखाई थी।

# लक्ष्य का ये बैकहैंड शॉट नहीं देखा तो क्या देखा! जोनाथन क्रिस्टी को किया चारों खाने चित

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक का आज पांचवां दिन है। भारतीय खिलाड़ी लगातार अपने प्रदर्शन से पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहे हैं। बुधवार को भारतीय स्टार शटलर लक्ष्य सेन प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। उन्होंने इंडोनेशिया के विश्व नंबर तीन जोनाथन क्रिस्टी को हराया। इस मैच में लक्ष्य ने एक ऐसा शॉट खेला जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया।

### लक्ष्य का ये शॉट नहीं देखा तो क्या देखा!

सोशल मीडिया पर लक्ष्य सेन के बैकहेंड शॉट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। फैंस को उनका यह अंदाज काफी पसंद आ रहा है। एक फैन ने लिखा, ?यहीं पर जोनाथन क्रिस्टी ने गेम गंवा दिया। लक्ष्य सेन के शानदार बैकहैंड डिफेंस से वे आगे नहीं बढ़ पाए। यहां इंडोनेशियाई प्रशंसकों का गुस्सा फूट पड़ा।



### लक्ष्य-जोनाथन के बीच हुई कड़ी टक्कर

लक्ष्य सेन ने विश्व नंबर तीन इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को सीधे गेमों में 21-18, 21-12 से हरा दिया। इस जीत के साथ लक्ष्य प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। लक्ष्य ने विश्व नंबर तीन के खिलाफ पहले गेम में 8-1 से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए पहले स्कोर 8-8 से बराबर किया, फिर पहले मिड-वे ब्रेक में 11-9 की बढ़त बनाई। इसके बाद दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। एक वक्त स्कोर 18-18 की बराबरी पर भी आ गया था। हालांकि, तब लक्ष्य ने अपनी नब्ज पर काबू पाते हुए खुद को कूल रखते हुए 21-18 से जीत हासिल की।

पहला गेम जीतने के बाद लक्ष्य ने दूसरे गेम में भी बेहतरीन शुरूआत की। मिड-वे ब्रेक में लक्ष्य फिर से बढ़त बनाए हुए थे। इसके बाद दूसरा गेम लक्ष्य ने 21-12 से आसानी से अपने नाम किया। यह मैच 50 मिनट तक चला। पहला गेम लक्ष्य ने 28 मिनट और दूसरा गेम 23 मिनट में अपने नाम किया। दोनों ही एथलीट्स के लिए ये मुकाबला करो या मरो वाला था। लक्ष्य ने क्रिस्टी को हराकर उनका सफर पेरिस ओलंपिक में खत्म कर दिया।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सामने होगी बेल्जियम की कड़ी चुनौती, अंतिम-8 में जगह बना चुका है भारत

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में अब तक अजेय चल रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सामना गुरुवार को बेल्जियम की कड़ी चुनौती होगी। भारत ने पूल बी में दो मैच जीते हैं, जबकि अर्जेंटीना के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला था। भारतीय टीम हालांकि पहले ही क्वार्टर फाइनल में जगह बना चुकी है। बेल्जियम पूल बी में तीनों मैच जीतकर शीर्ष पर है, जबकि भारत दो जीत और एक ड्रॉ के साथ दूसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया दो जीत और एक हार के साथ तीसरे स्थान पर है। अर्जेंटीना ने भी तीन मैचों में एक जीत, एक ड्रॉ और एक हार के साथ अंतिम आठ में जगह बना ली है। बेल्जियम के बाद भारत को शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया से खेलना है।



### आयरलैंड के खिलाफ भारत ने किया था शानदार प्रदर्शन

अपना चौथा ओलंपिक खेल रहे मिडफील्डर मनप्रीत सिंह और हार्दिक सिंह ने भी आयरलैंड के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके कई मौके बनाए। मनदीप सिंह, ललित उपाध्याय, गुरजंत सिंह और सुखजीत सिहं ने भी दबाव बनाए रखा। अपना पहला ओलंपिक खेल रहे राइट बैक जरमनप्रीत सिंह इस टूर्नामेंट की खोज साबित हुए हैं जिन्होंने अब तक काफी प्रभावी प्रदर्शन किया है। पहले दो मैचों में 19 पेनल्टी कॉर्नर गंवाने वाली भारतीय टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश की तारीफ करनी होगी जिन्होंने कई गोल बचाए।

न्यूजीलैंड और आयरलैंड लगातार तीन हार के साथ दौड़ से बाहर हो गए हैं। हर पूल से शीर्ष चार टीमें ही अंतिम आठ में पहुंचेंगी। भारत ने पहले मैच में न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया और फिर आखिरी मिनट में किये गए गोल की मदद से 2016 की चैंपियन अर्जेंटीना को ड्रॉ पर रोका। आयरलैंड के खिलाफ भारत ने 2-0 से जीत दर्ज की। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पहले दोनों मैचों में निर्णायक गोल दागे और फिर आयरलैंड के खिलाफ पेनल्टी स्ट्रोक पर पहला और पेनल्टी कॉर्नर पर दूसरा गोल किया।

# टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा ने प्री क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह, ऐसा करने वाली दूसरी महिला बनीं

**नई दिल्ली।** महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जियान झेंग के खिलाफ 4-2 से जीत दर्ज कर पेरिस ओलंपिक के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अकुला ने 51 मिनट तक खेले गए इस मुकाबले में 9-11, 12-10, 11-4, 11-5, 10-12, 12-10 से जीत हासिल की। अकुला इसके साथ ही ओलंपिक में अंतिम-16 दौर में पहुंचने वाली दूसरी महिला टेबल टेनिस एकल खिलाड़ी बन गई हैं। अकुला से पहले मनिका बत्रा ने भी यह उपलब्धि हासिल की थी।

श्रीजा ने 51 मिनट तक चला यह मुकाबला पहला गेम गंवाने के बाद जीता। पहला गेम हारने के बाद श्रीजा ने दूसरा गेम जीतकर बराबरी की। दूसरे गेम में काफी गलतियां करने के बावजूद वह भाग्यशाली रहीं कि जीत सकीं। इसके बाद उन्होंने जबरदस्त खेल दिखाते हुए तीसरा और चौथा गेम



भी जीत लिया। सिंगापुर की खिलाड़ी ने पांचवां गेम अपने नाम किया लेकिन श्रीजा ने छठे गेम में मैच जीत लिया।

पिछले महीने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 24वीं विश्व रैंकिंग हासिल करने वाली श्रीजा ने मनिका को पछाड़कर भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ी होने का श्रेय हासिल किया था। दो बार की राष्ट्रीय चैंपियन श्रीजा ने जून में लागोस में डब्ल्यूटीटी कंटेंडर एकल खिताब जीता था। उन्होंने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में मिश्रित युगल में शरत कमल के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया था।

# तीरंदाज दीपिका कुमारी नीदरलैंड की क्विंटी रोएफेन को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं



### दीपिका का रहा मैच में दबदबा

दूसरा मैच आसान रहा और दीपिका को ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने पहला सेट दो बार 10 और एक बार नौ स्कोर करके जीता। नीदरलैंड की खिलाड़ी ने दूसरे सेट में वापसी की। तीसरे सेट में दीपिका ने एक बार खराब निशाना लगाकर सात स्कोर किया लेकिन फिर भी यह सेट जीता क्योंकि नीदरलैंड की खिलाड़ी का पहला तीर एक भी अंक नहीं बना सका था। इसके बाद दीपिका ने चौथे सेट के आखिरी तीन तीर पर 10,9,9 स्कोर किया और उनकी विरोधी 7, 6, 10 ही स्कोर कर सकीं।

**नई दिल्ली।** दीपिका कुमारी महिला व्यक्तिगत तीरंदाजी के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। दीपिका ने पेरिस ओलंपिक के मुकाबले में नीदरलैंड की क्विंटी रोएफेन को 6-2 से हराया। दीपिका का अंतिम-16 का मुकाबला तीन अगस्त को होगा। अब उनका सामना प्री क्वार्टर फाइनल में जर्मनी की मिशेले क्रोपेन से होगा। कुछ दिन पहले भारतीय महिला तीरंदाजों की टीम क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से हार गई थी जिसमें दीपिका के प्रदर्शन की काफी आलोचना हुई थी।

दीपिका ने क्विंटी के खिलाफ 2-0 की शुरूआती बढ़त बना ली थी। दीपिका ने पहले सेट में 29 का स्कोर किया, जबकि नीदरलैंड की उनकी प्रतिद्वंद्वी 28 का स्कोर ही कर सकीं। पहले सेट में बढ़त लेने के बाद दीपिका क्विंटी से दूसरा सेट 27-29 के स्कोर से गंवा बैठीं। दोनों के बीच एक समय मुकाबला 2-2 की बराबरी पर चल रहा था। हालांकि, तीसरे सेट में दीपिका ने वापसी करते हुए 4-2 की बढ़त बनाई। दीपिका ने 25 का स्कोर किया, जबकि क्विंटी 17 का स्कोर ही कर सकीं। नीदरलैंड की इस खिलाड़ी ने पहला शॉट बाहर खेला जिस कारण उन्हें अंक नहीं मिला। इसके बाद अगले सेट में दीपिका ने अपनी प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया और आसान जीत दर्ज की।

# ओलंपिक फुटबॉल मैच के दौरान फिर से सुरक्षा में चूक, मैदान में घुसा दर्शक



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक खेलों में फुटबॉल मैच के दौरान फिर से सुरक्षा में चूक हुई जब अमेरिका और गिनी के बीच खेले गए मैच के दौरान एक दर्शक मैदान में घुस गया। यहां मंगलवार को स्टेड जियोफरॉय गुइचार्ड में अमेरिका की गिनी पर 3-0 की जीत के आखिर में एक व्यक्ति ने मैदान पर दौड़ लगाई।

इसी स्टेडियम में अर्जेंटीना और मोरक्को के बीच खेले गए मैच के दौरान दर्शकों ने उपद्रव मचाया था। मोरक्को के प्रशंसक तब मैदान में घुस आए थे जिससे खेल दो घंटे तक रोकना पड़ा था। अमेरिका और गिनी के बीच मैच के दौरान मैदान पर दौड़ लगाने वाला दर्शक गिनी के अलीउ बाल्डे से भिड़ गया था। सुरक्षा कर्मियों ने बाद में उसे पकड़ कर बाहर निकाला।

# पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन के फाइनल में स्वप्निल कुशाले, आज पदक के लिए उतरेंगे

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार निशानेबाज स्वप्निल कुशाले ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन के फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने क्वालिफिकेशन राउंड में 590 का स्कोर बनाया और सातवें स्थान पर रहे। क्वालिफिकेशन राउंड से शीर्ष आठ निशानेबाज फाइनल में पहुंचे। स्वप्निल अब कल पदक के लिए दांव लगाते दिखेंगे। उनका फाइनल मुकाबला गुरुवार दोपहर एक बजे से खेला जाएगा। इस स्पर्धा में तीन पोजिशन में शूटर्स को निशाना लगाना होता है। इनमें नीलिंग यानी झुककर/बैठकर, लेट कर और खड़े होकर निशाना लगाना होता है। इसी स्पर्धा में भारत के एक और शूटर ऐश्वर्य प्रताप सिंह 11वें स्थान पर रहे। उनका स्कोर 589 का रहा।

चीन के लियू युकून 594 स्कोर करके शीर्ष पर रहे जो ओलंपिक क्वालिफिकेशन का रिकॉर्ड है। पेरिस



ओलंपिक में भारत को मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य और सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य दिलाया है।

कुशाले भारत को इस ओलंपिक में निशानेबाजी में तीसरा पदक दिलाने उतरेंगे। वहीं, अब तक भारत ने ओलंपिक में शूटिंग में पांच पदक जीते हैं। कुशले की नजर भारत को छठा पदक दिलाने पर होगी।

बुधवार को भारत के लिए अन्य स्पधाओं में भी खुशखबरी आई। स्टार शटलर पीवी सिंधू प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। उन्होंने एस्टोनिया की कूबे को 21-5, 21-10 से हरा दिया। वहीं, भारत के लक्ष्य सेन ने विश्व नंबर तीन जोनाथन क्रिस्टी को 21-18, 21-12 से हरा दिया। इस जीत के साथ लक्ष्य अंतिम-16 में पहंच गए। टेबल टेनिस में श्रीजा अकुला ने इतिहास रच दिया। वह महिला एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। मनिका बत्रा के बाद वह ऐसा करने वाली दूसरी भारतीय हैं। मनिका भी प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी हैं। वहीं, मुक्केबाजी में लवलीना बोरगोहेन क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने महिलाओं की 75 किलोग्राम भारवर्ग में राउंड ऑफ 16 में जीत हासिल की।

# 55 साल की उम्र में ओलंपिक में भाग ले रही है यह जॉर्जियाई निशानेबाज

**जॉर्जिया।** जॉर्जिया की निशानेबाज नीनो सालुकवद्जे ने नौ ओलंपिक में तीन पदक जीतने के बाद खेल को अलविदा कहने का मन बना दिया था लेकिन अपने दिवंगत पिता की आखिरी इच्छा पूरी करने के लिए वह यहां लगातार दसवें ओलंपिक खेलों में भाग ले रही है जो महिला वर्ग में रिकॉर्ड है।

यह 55 वर्षीय खिलाड़ी उद्घाटन समारोह में जॉर्जिया की ध्वजवाहक थीं। वह लगातार दसवें ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाली पहली महिला और घुड़सवार इयान मिलर के बाद दूसरी खिलाड़ी है। सालुकवद्जे ने 1988 में सियोल ओलंपिक खेलों में सोवियत संघ का प्रतिनिधित्व करते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल में एक स्वर्ण और रजत पदक जीते थे। इसके 20 साल बाद उन्होंने बीजिंग



ओलंपिक 2008 में कांस्य पदक जीता था। सालुकवद्जे पिछले ओलंपिक खेलों के बाद संन्यास लेने का मन बना चुकी थी लेकिन अपने पिता वख्तंग सालुकवाद्जे के शब्द याद आए, जो उन्हें उनकी अंतिम इच्छा की तरह लग रहे थे। इसके बाद ही उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भाग लेने का फैसला किया। शुक्रवार को 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन में प्रतिस्पर्धा करने वाली इस अनुभवी खिलाड़ी ने कहा, उन्होंने मुझसे कभी कुछ नहीं मांगा, इसलिए मुझे लगता है कि शायद यह उनकी अंतिम इच्छा थी।' यह हैरान करने वाली बात है कि 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा का जूनियर विश्व रिकॉर्ड आज भी सालुकवद्जे के नाम पर दर्ज है। इसकी बराबरी केवल भारत की मनु भाकर ने की है, जो 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पधाओं में कांस्य पदक जीतकर यहां अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। अपनी दाहिनी आंख की समस्याओं से जूझ रही इस अनुभवी खिलाड़ी ने कहा, 'तोक्यो ओलंपिक के बाद मुझे लगा कि अब मेरा सफर समाप्त हो चुका है। लेकिन इस बीच मेरे पिता का निधन हो गया। वह मेरे कोच भी थे। उन्होंने मुझसे कहा था कि अगर तुम आगे नहीं खेलती हो तो शायद तुम रोओगी।'

# लगातार दूसरा मैच जीतकर प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं सिंधू, कूबा को 21-5, 21-10 से हराया

**नई दिल्ली।** सिंधू ने ग्रुप स्टेज का अपना लगातार दूसरा मुकाबला जीतकर प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने एस्टोनिया की क्रिस्टीन कूबा को 21-5, 21-10 से हराकर नॉकआउट स्टेज में जगह बनाई। यह मुकाबला 33 मिनट तक चला। सिंधू ने पहला गेम 14 मिनट और दूसरा गेम 19 मिनट में अपने नाम किया। अब सिंधू के लिए आगे की राह मुश्किल होगी। नॉकआउट में एक भी हार बाहर का रास्ता दिखा सकती है।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने रियो ओलंपिक में रजत और टोक्यो में कांस्य पदक अपने नाम किया था। इससे पहले उन्होंने ग्रुप एम के पिछले मैच में मालदीव की फातिमा अब्दुल रज्जाक को 21-9, 21-6 से हराया था। सभी



16 ग्रुप से शीर्ष खिलाड़ी प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचते हैं।

पहले मैच की ही तरह सिंधू को इस मुकाबले में ज्यादा पसीना नहीं बहाना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 73वें स्थान पर काबिज एस्टोनिया की खिलाड़ी 13वीं रैंकिंग वाली भारतीय का सामना नहीं कर सकी। सिंधू ने पहला गेम 14 मिनट में जीता। दूसरे गेम में कूबा ने चुनौती पेश की लेकिन सिंधू ने हर वार का माकूल जवाब दिया। कूबा ने 2-0 की बढत बनाई लेकिन सिंधू ने जल्दी ही बराबरी कर ली। इसके बाद लंबी रेलियां चली और एक समय सिंधू को पूरा नेट कवर करके दौड़ना पड़ा और कूबा ने शटल उनकी पहुंच से बाहर फेंकी। इसके बाद सिंधू ने अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल करके क्रॉसकोर्ट स्मैश से 15-6 से बढत बना ली और इसके बाद कूबा को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। बुधवार को भारत के लिए अन्य स्पधाओं में भी खुशखबरी आई। शूटिंग में स्वप्निल कुशाले पुरुषों की राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए। वहीं, भारत के लक्ष्य सेन ने विश्व नंबर तीन जोनाथन क्रिस्टी को 21-18, 21-12 से हरा दिया। इस जीत के साथ लक्ष्य अंतिम-16 में पहंच गए। टेबल टेनिस में श्रीजा अकुला ने इतिहास रच दिया। वह महिला एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं।

# यशस्वी जायसवाल का कमाल, टी20 रैंकिंग में बाबर-रिजवान को पछाड़ा, इन नंबर पर लगाई छलांग

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ टी20आई श्रृंखला में अपने अच्छे प्रदर्शन के बाद यशस्वी जयसवाल नवीनतम आईसीसी टी20आई रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने सीरीज के तीन मैचों में 177.78 की स्ट्राइक रेट और लगभग 27 की औसत से 80 रन बनाए। दिलचस्प बात यह है कि भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव तीन मैचों में 195.74 की शानदार स्ट्राइक रेट से 92 रन बनाने के बावजूद दूसरे स्थान पर बने हुए हैं, जबकि ट्रेविस हेड अभी भी उनसे 39 अंक आगे हैं।

इस बीच, जयसवाल ने रैंकिंग में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को पछाड़ दिया और 757 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए। शीर्ष 10 में तीसरे भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ हैं जो श्रीलंका श्रृंखला के लिए भारत की टी20ई टीम में नहीं थे। श्रीलंका के सलामी



बल्लेबाज पथुम निसांका ने पारी की शुरूआत करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और 137 रनों के साथ वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने।

वह रैंकिंग में 11 स्थान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि टी20 सीरीज के बाद कुसल मेंडिस भी दो स्थान आगे बढ़कर 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने शीर्ष 10 में अपना स्थान फिर से हासिल कर लिया है। टी20 विश्व कप से पहले, वह कुछ हफ्तों के लिए नंबर एक टी20ई गेंदबाज थे, लेकिन भारत की टीम में जगह नहीं बना सके और अंततः ट्रॉफी जीती। मेगा इवेंट के दौरान बिश्नोई ने टॉप 10 में अपनी जगह गंवा दी और यहां तक कि 20वें स्थान के करीब पहुंच गए।

हालाँकि, बिश्नोई ने श्रीलंका टी20आई श्रृंखला को 16.83 की औसत से छह विकेट के साथ सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त किया। वह आठ स्थान की छलांग लगाकर 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं और उनका लक्ष्य बांग्लादेश के खिलाफ अगली सीरीज में अपनी रैंकिंग में सुधार करना होगा।

# खिलाड़ियों को दे दी गौतम गंभीर ने सलाह

**मुंबई।** गौतम गंभीर और सूर्यकुमार यादव का युग शानदार ढंग से शुरू हुआ जब भारत ने श्रीलंका के खिलाफ टी20ई श्रृंखला में 3-0 से जीत हासिल की। कोच के रूप में सफल शुरूआत के बावजूद, गंभीर ने आगामी सीजन के लिए इसके महत्व पर जोर देते हुए खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस बनाए रखने के बारे में चेतावनी जारी की। भारत का श्रीलंका दौरा तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के साथ जारी रहेगा, जो शुक्रवार, 2 अगस्त से कोलंबो में शुरू होगी। बीसीसीआई ने भारतीय ड्रेसिंग रूम में गौतम गंभीर और हार्दिक पंड्या के भाषणों वाला एक वीडियो साझा किया। दोनों ने खिलाड़ियों को अपने संबोधन में सूर्यकुमार यादव का खास जिक्र किया। गंभीर ने ड्रेसिंग रूम को संबोधित करते हुए कहा कि सुनिश्चित करें कि आप बांग्लादेश श्रृंखला के लिए फिट होकर वापस आएं। आप ब्रेक ले सकते हैं, आप इसके हकदार हैं। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि श्रृंखला के लिए अपने फिटनेस स्तर और कौशल को ऊंचा रखें।

# सावन शिवरात्रि पर दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में लाखों शिवभक्त कांवड़िये करेंगे जलाभिषेक : महंत नारायण गिरी

## कांवड़ियों की सुविधा के लिए गुरुवार से मंदिर के कपाट 24 घंटे के लिए खोल दिए जाएंगे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सावन शिवरात्रि के नजदीक आते ही सिद्धपीठ दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर में कांवड़ियों की भीड़ बढ़ने लगी है। मंदिर के साथ आसपास का वातावरण भी भगवान दूधेश्वर के जयकारों से गूंज रहा है। कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए गुरुवार से मंदिर के कपाट 24 घंटे खुले रहेंगे। मंदिर के पीठाधीश्वर पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटेड फ्रंट के अध्यक्ष महंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि सावन शिवरात्रि शुक्रवार की है और उसमें अब दो दिन ही शेष हैं। इसी के चलते मंदिर में कांवड़ियों की भीड़ बढ़ने लगी है। राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब तक के कांवड़िए हरिद्वार, ऋषिकेश ही नहीं गौमुख तक से गंगाजल लाकर भगवान दूधेश्वर का जलाभिषेक कर रहे हैं। 2 अगस्त को सावन शिवरात्रि का जल अपराह्न 3.30 बजे से चढ़ना शुरू होगा। उससे पहले त्रयोदशी का जल चढ़ेगा।



### 'गुरुवार को हजारों कांवड़िए भगवान दूधेश्वर के दरबार में लगाएंगे हाजिरी'

**करंट क्राइम।** हजारों की संख्या में कांवड़िए गुरुवार को ही गाजियाबाद पहुंच जाएंगे और दूधेश्वर नाथ मंदिर में हाजिरी का जल चढ़ाएंगे। कांवड़ियों को कोई दिक्कत ना हो, इसी के चलते गुरुवार से मंदिर के कपाट 24 घंटे के लिए खोल दिए जाएंगे। सिर्फ सफाई, आरती व भोग के लिए ही मंदिर के कपाट बंद होंगे। मंदिर के मीडिया प्रभारी एस आर सुथार ने बताया कि शुक्रवार को मंदिर में लाखों कांवड़िए व शिवभक्त भगवान का जलाभिषेक करेंगे। महाराज के दिशा-निर्देशन में जिला व पुलिस प्रशासन व नगर निगम के सहयोग से मंदिर में ऐसी व्यवस्था की गई है कि सावन शिवरात्रि पर कांवड़ियों व शिवभक्तों को कोई परेशानी नहीं होगी। मंदिर में की गई इस बार की व्यवस्था की सराहना हर कोई कर रहा है। सुरक्षा व्यवस्था पर पुलिस कप्तान अजय कुमार मिश्र खुद नजर रख रहे हैं। महापौर सुनीता दयाल व नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में नगर निगम की पूरी टीम तथा जिला प्रशासन का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। मंदिर के आसपास धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं ने शिविर लगाकर कांवड़ियों के लिए भोजन, स्नान, चिकित्सा, विश्राम आदि सुविधाएं उपलब्ध करा रखी हैं।



# 'नया विचार - नई ऊर्जा' के सौजन्य से निशुल्क कॉपी वितरण कार्यक्रम आयोजित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कंपोजिट विद्यालय तिगरिया खादर, विकास क्षेत्र गजरौला में 'नया विचार - नई ऊर्जा' के सौजन्य से निशुल्क कॉपी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लाला लक्ष्मी नारायण सलेमपुर वालों ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा मानव का भाग्य बदल देती है। जो छात्र-छात्रा अपने जीवन में मन लगाकर शिक्षा प्राप्त करते हैं तथा अपने गुरुओं का सम्मान करते हैं वे छात्र आगे चलकर देश के मजबूत एवं योग्य नागरिक बनते हैं। कार्यक्रम में डॉ. पृथी सिंह मंडल अध्यक्ष 'नया विचार - नई ऊर्जा' फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने कहा कि सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ने के साथ-साथ खेलों पर विशेष ध्यान दें एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करें।





### पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए पौधरोपण करें : राजेश चौहान

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में राजेश चौहान जिला सचिव 'नया विचार – नई ऊर्जा' ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए प्रत्येक छात्र-छात्रा को अधिक से अधिक पौधे करना चाहिए तथा उनकी देखभाल करनी चाहिए। लाला लक्ष्मी नारायण की तरफ से 170 छात्र-छात्राओं को केले एवं मिठाई वितरण किया गया तथा 'नया विचार – नई ऊर्जा' जनपद अमरोहा की तरफ से निशुल्क कॉपी एवं स्केच पेन वितरण किए गए। कॉपी प्राप्त करने के उपरांत सभी बच्चों के चेहरे पर खुशी एवं प्रसन्नता के भाव दिखाई दे रहे थे। कार्यक्रम में सुनील कुमार (अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति), विद्यालय का स्टाफ, श्वेता सक्सेना, सोनिका जावला, सुधारानी, संजीव कुमार, मंजू देवी एवं ग्रामवासी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद से आपदा में मदद वायनाड के लिए भेजे गए ब्रिज, हिंडन बेस से रवाना हुआ वायुसेना का सी-17 ग्लोबमास्टर विमान



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आपदा राहत कार्य में भारतीय वायुसेना और एनडीआरएफ को महारथ हासिल है। दोनों मुश्किल ऑपरेशन को बहुत कम समय में अंजाम देने में सक्षम हैं। केरल के वायनाड में आई आपदा में राहत कार्य के लिए वायुसेना के गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस से तैयार ब्रिज भेजे गए हैं, ताकि तत्काल इन्हें स्थापित कर मुश्किल में फंसे लोगों को निकाला जा सके। भारी भरकम ब्रिज लेकर भारतीय वायुसेना के भारी मालवाहक विमान सी-17 ग्लोबमास्टर रवाना हुआ है।

**वायुसेना ने तैयार किए ब्रिज :** जब भी कहीं बाढ़ जैसी आपदा का सामना करना पड़े तो उससे निपटने के लिए भारतीय वायुसेना के पास खुद तैयार किए गए ब्रिज हैं। ये ब्रिज वायनाड में बाढ़ में फंसे लोगों को निकालने का काम करेंगे। बता दें कि वायनाड में भारी बारिश के चलते लैंडस्लाइड हुआ है। इससे अब तक 151 लोगों की जान जा चुकी है। 116 लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी 220 से ज्यादा लापता लोगों को खोजने के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। वायनाड में सेना, वायुसेना, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें बचाव कार्य में जुटी हैं।

**सी-17 ग्लोबमास्टर में कई खूबियां :** सी-17 ग्लोबमास्टर दुनिया के बड़े मालवाहक विमानों में शुमार है। वर्तमान में भारतीय वायुसेना के बेड़े में 11 ग्लोबमास्टर शामिल हैं। यह विमान 2,65,352 किलोग्राम वजन लिफ्ट करने और दुर्गम पहाड़ी इलाकों तक पहुंचाने की क्षमता रखता है। एक साथ चार सौ लोगों को लेकर उड़ने वाला यह विमान ट्रक, बख्तरबंद गाडियां और भारी भरकम युद्धक टैंक एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाने में सक्षम है।

# जलाभिषेक को लेकर पुलिस अधिकारियों ने लिया दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का जायजा









**गाजियाबाद( करंट क्राइम)।** शिवरात्रि के जलाभिषेक को लेकर बुधवार को एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, डीसीपी सिटी राजेश कुमार चौरसिया, एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने पुलिस बल के साथ दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर का जलाभिषेक की तैयारी को लेकर दौरा किया। इस दौरान व्यवस्थाओं और अन्य प्रबंध को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश भी दिए गए।

# सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल ने किया वार्षिक प्रदर्शनी 'फ्यूशन डिमोरा- अमलगमेशन ऑफ आर्ट विद डिसिप्लिन' का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल ने अपनी वार्षिक प्रदर्शनी 'फ्यूशन डिमोरा - अमलगमेशन ऑफ आर्ट विद डिसिप्लिन' का आयोजन गर्व से किया। यह कार्यक्रम विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला और संस्कृति का एक जीवंत उत्सव था, जिसमें छात्रों की विविध और नवाचारी प्रतिभाओं का प्रदर्शन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्रत्येक कक्षा को भारत के अलग-अलग प्रदेश व अनेक विषयों के रूप में सजाया गया। साथ ही प्रदर्शनी का विशेष आकर्षण विज्ञान से जुड़ा चन्द्रयान का मॉडल, औद्योगिक उत्पादन व अरुणाचल प्रदेश और केरला की झलकियां थीं जिसे बच्चों ने बहुत खूबसूरती से प्रदर्शित किया।

### विद्यालय में संपूर्ण भारत के दर्शन

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ओपी यादव बेसिक शिक्षा अधिकारी, रुचि त्यागी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एमआईएस और शैली अग्रवाल मेंबर ऑफ मैनेजमेंट कमिटी रहे। सभी अतिथि बच्चों के द्वारा बनाए गये प्रोजेक्ट देखकर हैरान रह गये। विद्यालय में ही पूरे भारत के दर्शन हो गए। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारे समय में इतनी आधुनिक शिक्षा नहीं थी।

आज तकनीक का जमाना है और बचपन में ही बच्चे अपनी धरोहर के साथ-साथ आधुनिक ज्ञान भी ले रहे हैं। अपना बचपन दोबारा से जीने का मन होने लगा है।

# माता-पिता और गुरु के बिना जीवन में सफलता असम्भव : शैली अग्रवाल



**करंट क्राइम।** रुचि त्यागी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एमआईएस ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्हें सारा भारत एक ही स्थान पर देखकर अच्छा लगा व विभिन्न विषयों से संबंधित प्रदर्शनी देखकर बच्चों पर गर्व महसूस हुआ। शैली अग्रवाल ने बच्चों से अपने अनुभव बांटे। उन्हें बहुत आशीर्वाद दिया तथा बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षकों-शिक्षिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि गुरु ही बच्चों का सुदृढ़ भविष्य बनाते हैं। माता-पिता और गुरु के बिना जीवन में सफलता असम्भव है। विद्यालय की प्रिंसिपल सपना अहलावत ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# समाजवादियों ने किया कांवड़ियों का फूलों से अभिनंदन

## विधानसभा अध्यक्ष आकाश अग्रवाल हर साल करते हैं कांवड़ियों का सम्मान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुरादनगर विधानसभा कमेटी की ओर से बुधवार को प्रातः 11:00 से 1:00 तक मुरादनगर विधानसभा मार्ग से गाजियाबाद की ओर जाते हुए कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कार्यक्रम किया गया। कांवड़ियों के लिए फल और पानी का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम विधानसभा अध्यक्ष आकाश अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अभिषेक गर्ग गाजियाबाद से उपस्थित थे। विकास यादव जिला पंचायत जीतू शर्मा युवजन सभा जिला अध्यक्ष, मनीषा त्यागी, सोहेब नगर अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। आकाश अग्रवाल के साथ उनकी पूरी कमेटी वार्ड के मेंबर मोनू पाल अपनी टीम के साथ उनके चारों उपाध्यक्ष हसीन चौधरी (मुकुल शर्मा के साथ उनकी टीम), रवि जाटव कोषाध्यक्ष, लाल गंगा शरण सचिव रूप में सुरेंद्र फौजी, आर्यन त्यागी की पूर्व नगर अध्यक्ष महबूब अंसारी, टीटू शर्मा, गौरव सिसोदिया इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय मानव अधिकार कमेटी ने भी विशेष सहयोग किया। आदेश वर्मा, विजय गुप्ता, उत्कर्ष अग्रवाल, देव यादव, शैलेश पंडित आदि 100 के आसपास लोग मौजूद रहे। ज्योति शर्मा पूर्व नगर अध्यक्ष महिला सभा भी मौजूद रहीं।







# भाजपा युवा मोर्चा कावड़ शिविर में पहूंचे सांसद अतुल गर्ग

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मोहनगर पर चल रहे कावड़ शिविर में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा लगातार तीसरे दिन भी शिव भक्तों के लिए निशुल्क दवा एवं भंडारे की व्यवस्था चलाई जा रही है। शिविर में गाजियाबाद लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कावडियो की सेवा की व युवा मोर्चा के इस प्रयास की सहारना की कइस दौरान शिविर में प्रमुख रूप से महामंत्री पप्पू पहलवान, महानगर उपाध्यक्ष रानीता सिंह, पार्षद राहुल शर्मा, नितिन शर्मा, दीपक शर्मा, पुष्पेंद्र गुप्ता, राहुल मावी, प्रतीक माथुर, हरीश गौड़, आशु गुर्जर, दीपक मंडल, सुमित मावी, सुधीर दादू, विहान मावी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।





### उत्तराखंड की पहली हॉरर फिल्म असगार 2 अगस्ता को जयपुरिया मॉल देखी जाएगी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तराखंड की लोकभाषाओं का सिनेमा लगातार विकसित हो रहा है। उत्तराखंड की पहली गढ़वाली सुपरनेचुरल हॉरर फिल्म असगार फिल्म आयुषी फिल्म के बैनर तले बनाई गई है। इस फिल्म की निर्मात्री हैं सुमन वर्मा जो कि उड़ीसा प्रदेश से हैं, और उनका उत्तराखण्डी प्रेम एवं उत्तराखंड में बनने वाले अर्थपूर्ण सिनेमा की लोकप्रियता उन्हें उत्तराखण्ड के सिनेमा की ओर ले आई। फिल्म के गीत संगीत दिया है अमित वी कपूर ने एवं गीत लिखे व गाए हैं जागर सम्राट प्रीतम भरतवाण व जितेंद्र पंवार ने। उत्तराखण्डी फिल्म ₹असगार₹ 2 अगस्त को इंदिरापुरम के जयपुरिया मॉल के आरआर सिनेमा में रिलीज हो जा रही है। इस अवसर ओर मुख्य रूप से राकेश गौड़, उमेश बंदूणी, रमेश ठंगरियाल, अंजू भंडारी, दर्शन रावत, संयोगिता ध्यानी, डॉ. सतीश कालेश्वरी, गीता गुसांई नेगी, रिया शर्मा, जगमोहन रावत व दर्शन सिंह रावत आदि लोग मौजूद रहे।




# क्यों एक कोतवाल खुद को दर्शा रहा है वीआईपी

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एक कोतवाल खुद को वीआईपी दर्शाने की कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। इन दिनों जहां पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में प्रतिदिन कांवड़ियों का हंगामा चल रहा है। कभी सिटी वाला तो कभी देहात वाला क्षेत्र टाइट चल रहा है। मंगलवार की देर रात का एक मामला सुनने में आया है कि कांवड़ियों ने एक शिविर में हंगामा किया। तो पुलिस को तत्काल सूचना दी गई, इलाके के सबसे बड़े साहब और सकिल वाले अधिकारी भी आ गए लेकिन जिस थानाक्षेत्र का यह मामला था, बताया जा रहा है कि वहां के कोतवाल घटनास्थल तक नहीं पहुंचा। सूत्रों ने जानकारी दी है कि कोतवाल का यह रवैया पहली बार नहीं है। इससे पहले भी वह कई मामलों में लेटलतीफी के शिकार रहे है। सुनने में तो यहां तक आया है कि कोतवाल खुद को वीआईपी कहते हैं। वहीं सूत्रों ने बताया है कि कि जिस थानाक्षेत्र का यह पूरा मामला था, कांवड़ियों ने वहां हंगामा बरपाया, वहां एक टू-स्टार के फेक्चर भी हुआ है। इसके साथ ही पुलिस की गाड़ी में कई पुलिसकर्मियों को भी उपचार के लिए भेजा गया था। बताया जा रहा है कि कोतवाल ना तो मौके पर पहुंचे और ना उन्होंने इस पूरी घटना को रोकने और सुलझाने के प्रयास किया। यह तो गनीमत थी कि इलाके के सर्किल वाले साहब और जोन वाले अधिकारी मौके पर हंगामा की सूचना पर पहुंच गए थे। बताया जा रहा है कि थाना प्रभारी का एक खास ऑफिस से लिंक रहा है, उसकी हनक अभी भी इसलिए खत्म नहीं हो रही है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि पहले भी कोतवाल एक आईपीएस अधिकारी के आदेश को 10 दिनों तक दबाए बैठे थे। सूत्र बता रहे हैं कि उनका जाती को लेकर वर्किंग अंदाज अभी भी बदलने में नहीं आया है। वैसे कुल मिलाकर इस थाना क्षेत्र में कांवड़ियों को लेकर दो बड़े बवाल हो चुके हैं। कार्रवाई होने के बावजूद यहां के प्रभारी को समझ नहीं आ रहा है कि इस टेंशन वाले माहौल में कैसे अटेंशन रखनी है वर्किंग क्या रहनी चाहिए। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि इससे पहले जब यह कमिश्नरेट के पास एक बड़े जिले में चार्ज पर रहे थे, तो वहां पर भी रवैया लापरवाही वाला ऐसा ही देखने में सामने आया था। कुल मिलाकर अगर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में इंटरव्यू के जरिए बेस्ट फेस चुने जाते तो अधिकारियों को ऐसे लापरवाह पुलिसकर्मी ना झेलने पड़ते।




# सामाजिक कार्यों के लिए तत्पर मनीषा केयर फाउंडेशन: राजकुमार भाटी





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर 5 में आयोजन कार्यक्रम में मनीषा केयर फाउंडेशन₹ का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय पार्षद राजकुमार भाटी, विशिष्ट अतिथि डॉ ऋचा बंसल निरुपमा सिंह, इंदु गुप्ता, ऋषिकेश निशिकर, प्रशांत चोपड़ा व अमित बाजपेई रहे। कार्यक्रम में ममता सिंह, आकाश अवस्थी, शिवकांत, आयुषी, मोहित, संध्या, प्राची ज्योति उपस्थित रहे। पार्षद राजकुमार भाटी ने कह कि संस्था सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे रही है, ओर जनता के लिए काम करती है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को पुरस्कार एवं प्रसाद वितरित किया गया।

# सिविल डिफेंस-पुलिस- प्रशासन ने कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मोहनगर पर सिविल डिफेंस हिंडन गाजियाबाद के द्वारा पुष्प वर्षा कर कावड़ यात्रियों का अभिनन्दन किया। जिसमे पुलिस प्रशासन व नगर निगम के अधिकारियों मौजूद रहे। पुष्पा वर्षा को दौरान कावड़ियों हर हर महादेव और बोल बम बम जयघोष लगाकर उनका अभिनन्दन स्वीकार किया। कावड़ यात्रा में यात्रियों की सुविधा के लेकर सिविल डिफेंस के वार्डन ने कई दिनों से लगातार पुलिस और प्रशासन के साथ सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर डीसीपी निमिष पाटिल, एसीपी रजनीश उपाध्याय, थाना प्रभारी अजय चौधरी, ए डी सी गुलाम नबी और मोहन नगर जोनल अधिकारी आर पी सिंह ,अनिल अग्रवाल ,डिविजनल वार्डन / डिप्टी डिविजनल वार्डन ए के जैन , ए के ठाकुर , घटना नियंत्रण अधिकारी नितिश सिंह , स्टाफ आफिसर अशोक कुमार , विरपाल डब्बास नीतीश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Ashu Kumar Verma
1d ·
ये शिव भक्त पश्चिम उत्तर प्रदेश मे AIIMS के लिए कांवड ला रहे , भोलेनाथ इच्छा पूर्ण करे



गाजियाबाद करंट क्राइम। पूर्व मेयर अशु वर्मा सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। वो सावन माह से लेकर कावड़ यात्रा पर अपनी राय रखते हैं। वेस्ट यूपी में अस्पताल की मांग एक शिवभक्त ने भगवान भोलेनाथ से की है। इस मेडिकल मन्नत वाली कावड़ को अशु वर्मा ने फेसबुक पोस्ट बनाया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# ब्रिटेन में तीन बच्चियों की हत्या के विरोध में भड़की हिंसा






**39 पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल**

## पुलिस से भिड़े प्रदर्शनकारी, जमकर हुआ पथराव और आगजनी

**लंदन।** मंगलवार को ब्रिटेन के साउथपोर्ट शहर में हिंसा भड़क गई। यह हिंसा एक कार्यक्रम के दौरान हुए हमले में तीन बच्चियों की हत्या के विरोध में भड़की और इस दौरान बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी, पुलिस से भिड़ गए।



बता दें कि सोमवार को एक कार्यक्रम में मौजूद बच्चों और किशोरों पर एक 17 साल के युवक ने चाकू से हमला कर दिया था। इस हमले में तीन बच्चियों की मौत हो गई थी और पांच अन्य बच्चे घायल हो गए थे।

**प्रदर्शनकारियों ने धर्मस्थल को बनाया निशाना :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ऐसी अफवाह फैल गई कि हमला करने वाला युवक एक धर्म विशेष से जुड़ा है, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए और एक मस्जिद पर पथराव शुरू कर दिया।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस की बीच तीखी झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की और आगजनी की घटनाओं को अंजाम दिया। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान 'हमें अपना देश वापस चाहिए' जैसे नारे लगाए।



पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प में उसके 22 अधिकारी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, वहीं कुल 40 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर ईंट-पत्थरों से पथराव किया, जिससे बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी चोटिल हुए।

**प्रधानमंत्री ने कही कार्रवाई की बात**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टर्मर ने साउथपोर्ट की हिंसा पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि बच्चियों की हत्या का आरोपी किशोर फिलहाल पुलिस की हिरासत में है। ब्रिटेन की पुलिस ने आरोपी के हमले को आतंकी घटना मानने से इनकार कर दिया है और कहा है कि आरोपी का जन्म ब्रिटेन में ही हुआ है। अभी तक हमले के पीछे की वजह का खुलासा नहीं हुआ है।



सोमवार को गर्मियों की छुट्टियों में साउथपोर्ट में मशहूर पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट का योगा और डांस वर्कशॉप आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम के दौरान हमलावर ने चाकू से कई बच्चियों को निशाना बनाया। इस हमले में तीन बच्चियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। घायलों में कई की हालत गंभीर है। टेलर स्विफ्ट ने भी इस हमले की कड़ी निंदा की। मंगलवार को हमले में मारे गए बच्चों को श्रद्धांजलि भी दी गई।



## बलूचों के समर्थन में आईं मलाला यूसुफजई

### प्रदर्शनकारियों पर हिंसक हमलों की निंदा की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में जबरन गायब किए जाने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे बलूच लोगों के समर्थन में नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई ने समर्थन दिया। उन्होंने प्रदर्शनकारियों पर हिंसात्मक हमलों की भी निंदा की। बता दें कि बलूचिस्तान में हत्याएं और अपहरण की घटनाएं बहुत अधिक बढ़ गई हैं। मलाला यूसुफजई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, ₹मैं बलूच बहनों के साथ एकजुटता से खड़ी हूं, जो जो न्याय की मांग और गायब किए जा ने का विरोध कर रही हैं। मैं प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसात्मक हमलों की निंदा करती हूं₹। उन्होंने यह बयान एनमेस्टी इंटरनेशनल द्वारा एक्स पर साझा की गई एक पोस्ट के जवाब में दिया। दरअसल एनमेस्टी इंटरनेशनल ने इस मामले को लेकर चिंता जताई थी। एनमेस्टी इंटरनेशनल ने पाकिस्तानी अधिकारियों से पाकिस्तान में इंटरनेट शटडाउन को तुरंत हटाने, सड़कों पर लगाए गए अवरोधों को हटाकर, लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने के अधिकार को सुविधाजनक बनाने का आह्वान किया। 27 जून को फ्रंटियर कोर ने बलूचिस्तान के मुस्तंग में निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की, जिसमें 14 घायल हो गए। इनमें से कुछ की हालत गंभीर थी। ग्वादर में इंटरनेट सेवाओं को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।

**बीवाईसी ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर लगाए आरोप**

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों द्वारा बलूच राष्ट्रीय सभा के प्रतिभागियों के खिलाफ कार्रवाई के बाद एनमेस्टी इंटरनेशनल और मलाला यूसुफजई का बयान सामने आया। बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर बलूच राष्ट्रीय सभा के प्रतिभागियों के खिलाफ क्रूर और हिंसक कार्रवाई करने का आरोप लगाया। उन्होंने एक्स पर कहा, ₹29 जुलाई की सुबह पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बलूच राष्ट्रीय सभा के शांतिपूर्ण धरने में क्रूर और हिंसक हमला किया।

## संयुक्त राष्ट्र का दावा : भारत में हमले करने में असफल रहा आतंकवादी समूह

### अब नई साजिश रच रहा आईएसआईएलके



**संरा।** संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट में चौंकाने वाला दावा किया गया है। इसमें बताया गया कि आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड द लेवेंट खुरासान (आईएसआईएलके) भारत में बड़े पैमाने पर हमला करने में असफल रहा। इसके बावजूद अब वह भारत में मौजूद अपने आकाओं की मदद से ऐसे लोगों की भर्ती करना चाहता है, जो अकेले घटनाओं को अंजाम दे सके।

**अफगानिस्तान से आए आतंकवादी बनेंगे खतरा :** आईएसआईएल (दाएश), अल-कायदा और संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थाओं के बारे में विश्लेषणात्मक सहायता और प्रतिबंध निगरानी दल की 34वीं रिपोर्ट मंगलवार को जारी की गई। इसमें कहा गया कि सदस्य देशों ने इस बात पर चिंता जताई है कि अफगानिस्तान से आए आतंकवादी क्षेत्र में असुरक्षा का कारण बनेंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में बड़े पैमाने पर हमला करने में असफल रहने के बावजूद, आईएसआईएलके अब नई साजिश रच रहा है। वो देश में मौजूद अपने आकाओं की मदद से ऐसे लोगों की भर्ती करना चाहता है, जो अकेले घटनाओं को अंजाम दे सके। इसके साथ ही इसने उर्दू में लिखी एक किताब जारी की है, जिसमें हिंदू-मुस्लिम दुश्मनी को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है और भारत के संबंध में अपनी रणनीति की रूपरेखा बताई गई है।'

**टीटीपी और एक्यूआईएस के विलय भारत में बढ़ सकता है खतरा**

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि क्षेत्र में सबसे अधिक खतरा आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड द लेवेंट खुरासान से बना हुआ है।

यह अफगानिस्तान से परे आतंकवाद का प्रदर्शन कर रहा है, जबकि अल-कायदा धैर्य अपनाने की रणनीति अपनाता है और तालिबान के साथ अपने संबंधों को प्राथमिकता देता है।

**आतंकी संगठन आए एक साथ**

तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), तालिबान और अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) के बीच सहयोग बढ़ा है। अफगानिस्तान में जनशक्ति और प्रशिक्षण शिविरों को साझा कर रहे हैं और तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान (टीजेपी) की मदद से अधिक घातक हमले कर रहे हैं। इसलिए अंदाजा लगाया जा रहा है कि टीटीपी अन्य आतंकवादी समूहों के लिए एक बचाव का माध्यम बन सकता है।

**इन देशों के लिए बढ़ रहा खतरा**

टीटीपी और एक्यूआईएस के संभावित विलय से पाकिस्तान, भारत, म्यांमार और बांग्लादेश के खिलाफ खतरा बढ़ सकता है। बता दें, टीटीपी के पास छह हजार से साढ़े छह हजार लड़ाके हैं, जिसमें करीब 14,000 परिवार के सदस्य हैं।

## शाही परिवार में दरार! किताब में खुलासा- प्रिंस विलियम ने मेगन मार्कल को मां के गहने पहनने से किया था मना

**वेल्स।** ब्रिटेन के शाही परिवार में आपसी अनबन के बीच एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सूत्रों के अनुसार, यह किस्सा प्रिंस हैरी और मेगन मार्कल के शादी से जुड़ा है। दरअसल, शादी के दौरान प्रिंस विलियम ने मेगन मार्कल को राजकुमारी डायना के गहने पहनने नहीं दिया था। प्रिंस विलियम जिन्होंने अपनी मां की सगाई की अंगुठी से केट मिडलटन को प्रपोज किया था, वह शुरूआत से ही प्रिंस हैरी और मेगन मार्कल की शादी से नाखुश थे। उन्होंने अपने छोटे भाई प्रिंस हैरी से मेगन के साथ रिश्ते को ठंडा करने का अनुरोध भी किया था।

**विलियम अपने भाई और मेगन के रिश्ते से चिंतित थे :** प्रिंस विलियम ने अपने छोटे भाई प्रिंस हैरी से मेगन मार्कल के साथ अपने रिश्ते को ठंडा रखने का अनुरोध किया, जिससे की अभिनेत्री मेगन शाही परिवार के तौर तरीकों में अच्छी तरह से ढल जाए। इन



सभी बातों का जिक्र शाही लेखक रॉब जॉबसन ने अपनी आगामी किताब 'कैथरीन, द प्रिंसेस ऑफ वेल्स' में किया है। उन्होंने अपनी किताब में मेगन मार्कल के शाही परिवार में शामिल होने के दौरान परिवार में आई दरारों का जिक्र किया।

प्रिंस विलियम अभी भी अपने भाई और उनकी पत्नी को लेकर चिंतित है। उन्होंने रानी से यह आश्वासन मांगा था कि मेगन मार्कल शाही परिवार में शामिल होने के बाद कभी भी उनकी मां के गहनों का इस्तेमाल नहीं करेगी। इस किताब के अनुसार, मेगन मार्कल के शाही परिवार में शामिल होने से पहले ही दोनों भाइयों के बीच संबंध खराब हो गए थे। जॉबसन ने बताया कि प्रिंस विलियम और केट मिडलटन ने प्रिंस हैरी और मेगन मार्कल के रिश्ते जिस तरह से तेजी से बढ़ रहे थे, उसे लेकर चिंता जताई थी।

**शादी से पहले ही दोनों भाइयों के रिश्ते हो गए थे खराब :** प्रिंस हैरी ने बताया कि विलियम और कैट की सद्भावना उनकी शादी की तैयारी से पहले ही खत्म हो गई थी। विलियम ने अपने भाई से कहा था कि उनका मानना है कि मेगन को शाही जीवन में ढलने के लिए अधिक समय देना बेहतर होगा। इसी के साथ उन्होंने रिश्ते को ठंडा करने का भी सुझाव दिया।

इसी के बाद से दोनों भाइयों के बीच के रिश्ते तेजी से खराब होने लगे। किताब में एक खुलासा यह भी किया गया कि मेगन के रिश्ते प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट के साथ कुछ ज्यादा अच्छे नहीं थे, क्योंकि मार्कल शाही परिवार में पदों को लेकर गंभीर नहीं थीं। एक साल पहले जब प्रिंस हैरी का संस्मरण 'स्पेयर' रिलीज हुआ, तो इसने दुनिया को चौंका दिया।

इसमें प्रिंस हैरी और विलियम के बीच विभाजन को लेकर बात की गई ती। इसके अलावा कई अन्य खुलासे भी शामिल थे।

## ब्रिटिश-पाकिस्तानी उपदेशक अंजेम को उम्रकैद की सजा

**लंदन।** ब्रिटिश-पाकिस्तानी उपदेशक अंजेम चौधरी को आतंकवादी संगठन को निर्देशित करने के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। 57 वर्षीय अंजेम चौधरी को पिछले हफ्ते अल-मुहाजिरौन (एएलएम) को निर्देशित करने के लिए दोषी ठहराया गया था। एएलएम पर एक दशक पहले प्रतिबंध लगा दिया गया था। जज मार्क वॉल ने ब्रिटिश-पाकिस्तानी उपदेशक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके तहत उन्हें 28 साल से पहले पैरोल तक नहीं मिल पाएगी।

जज ने चौधरी से लंदन के वूलविच क्राउन कोर्ट में कहा कि एएलएम जैसे संगठन ऑनलाइन बैठकों के माध्यम से हिंसा को सामान्य बनाते हैं। उन्होंने संगठन को लेकर आगे कहा, उनका मकसद उन लोगों को कार्य करने के लिए साहस देना है, जो उनके सदस्य हैं। वे उन लोगों के बीच दरार पैदा करते हैं, जो आपस में एकता बनाकर रहते हैं। अभियोजक टॉम लिटिल के अनुसार, जब संगठन के लीडर को 2014 में

**अंजेम चौधरी को प्रतिबंधित संगठन को निर्देशित करने के लिए दोषी ठहराया गया**



लेबनान की जेल में डाल दिया गया, उसके बाद अंजेम चौधरी इस संगठन का केयरटेकर अमीर बन गया।

ब्रिटेन, अमेरिका और कनाडा की पुलिस ने संयुक्त जांच के बाद सबूत इकट्ठा किया। सबूत के अनुसार, चौधरी अपने अनुयायियों के साथ ऑनलाइन भाषणों के जरिए न्यूयॉर्क में एएलएम को चला रहा था। अभियोजक ने कहा कि इस समूह ने न्यूयॉर्क स्थित इस्लामिक थिंकर्स सोसाइटी समेत कई नामों के साथ काम किया।

## कमला हैरिस ने ट्रंप को दी बहस की खुली चुनौती

### कहा- आप जो कुछ कहना चाहते हैं मेरे मुंह पर कहिए

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में रिपब्लिकन की ओर से डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट्स की तरफ से कमला हैरिस मैदान में हैं। एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। अब भारतवंशी उपराष्ट्रपति हैरिस ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को बहस करने की चुनौती दी है। उन्होंने कहा, 'आप जो कुछ भी कहना चाहते हैं मेरे मुंह पर कहिए।'

**राष्ट्रपति चुनाव की हवाओं का रुख बदला**

59 साल की कमला हैरिस ने मंगलवार को जॉर्जिया के अटलांटा शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनके मैदान में उतरने के बाद राष्ट्रपति चुनाव की हवाओं का रुख बदल गया है। बता दें, राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनावी दौड़ से पीछे हटने के फैसले के बाद हैरिस ने 20 जुलाई को आधिकारिक तौर पर अपनी उम्मीदवारी का एलान किया था।



**डोनाल्ड ट्रंप भी महसूस कर पाएंगे :** भारतवंशी नेता ने कहा, 'इस चुनावी दौड़ की हवा बदल रही है। ऐसे संकेत मिले हैं कि इसे डोनाल्ड ट्रंप भी महसूस कर पा रहे हैं। अगर आपने गौर किया हो तो पिछले हफ्ते आपने देखा होगा कि उन्होंने सितंबर में होने वाली बहस से बाहर रहने का फैसला लिया है, जबकि वह पहले इस पर सहमत हुए थे।'

उन्होंने रैली में कहा, 'खैर डोनाल्ड ट्रंप, मैं उम्मीद करती हूं कि आप बहस के मंच पर मुझसे मिलने का फिर से विचार करेंगे। जैसा कि कहा जाता है कि अगर आपको कुछ कहना है तो मेरे मुंह पर कहिए। हालांकि, मजेदार बात यह है कि वह बहस नहीं करेंगे। मगर ऐसा लगता है कि वह और उनके साथी उम्मीदवार (जेडी वैंस) मेरे बारे में बहुत कुछ कहना चाहते हैं।'

**हजारों लोगों ने रैली में लिया भाग :** हैरिस की टीम की माने तो अटलांटा में हुई उनकी रैली में लगभग 10 हजार लोगों ने भाग लिया। इस दौरान उपराष्ट्रपति ने कहा कि व्हाइट हाउस का रास्ता इस राज्य से होकर गुजरता है और आप सभी ने साल 2020 में हमारी जीतने में मदद की और हम इसे 2024 में फिर से जीतने जा रहे हैं। हां, हम जीतेंगे।

**'सिर्फ मेरे और ट्रंप के बारे में यह नहीं है' :** हैरिस ने कहा कि यह प्रचार अभियान सिर्फ उनके और ट्रंप के बारे में नहीं है। वास्तव में, यह अभियान हमारे देश के लिए दो अलग-अलग दृष्टिकोणों के बारे में है। एक भविष्य पर केंद्रित है। दूसरे का अतीत पर ध्यान केंद्रित है।

## हानिया की मौत पर भड़का हमास, इजरायल को दी धमकी

### ईरान के सुप्रीम लीडर खामनेई की चेतावनी, 'इस्राइल को मिलेगी सख्त सजा'

**तेहरान।** इजरायल ने बुधवार तड़के हमास के मुखिया इस्माइल हानिया को मार गिराया है। हमास चीफ को ईरान की राजधानी तेहरान में मारा गया जिसकी पुष्टि हमास ने की है। हमास ने एक बयान जारी कर कहा है कि 'विश्वासघाती इजरायली हमले' में तेहरान में फिलिस्तीनी समूह के पोलित ब्यूरो प्रमुख की मौत हो गई है। हानिया ईरान के नए राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के पद ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए तेहरान आए थे। हमास पोलिटिकल ब्यूरो के एक सदस्य मोउसा अबू मरजूक ने कहा कि हानिया की मौत का बदला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस्माइल हानिया की 'कायरतापूर्ण' हत्या का जवाब दिया जाएगा। कतर में रह रहे हानिया मंगलवार को ईरानी राष्ट्रपति पेजेश्कियान के पद ग्रहण समारोह में दिखे थे। ईरानी राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान हानिया ने हमास और फिलिस्तीन को समर्थन के लिए ईरान का आभार जताया था। तेहरान में अपने आवास पर इजरायली हमले में मारे जाने से कुछ घंटे पहले वो ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई से भी मिले थे।

ईरान के इस्लामिक रिवोल्युशनरी गार्ड




कोर ने कहा है कि हानिया के साथ उनके बॉडीगार्ड भी मारे गए हैं। बुधवार तड़के एक बयान में क्ष्क्ष्ह्र ने कहा कि हमास चीफ इस्माइल हानिया और उनका एक बॉडीगार्ड तेहरान स्थित उनके आवास पर एक हमले में मारे गए हैं। बयान में कहा गया कि हमला बुधवार तड़के हुआ और हमले के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

**फिलिस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति ने की हत्या की निंदा :** फिलिस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने हमास चीफ की हत्या की निंदा की है और इसे 'कायरतापूर्ण हरकत' करार दिया है। उन्होंने कहा है कि इस्माइल हानिया की हत्या करना बेहद 'खतरनाक प्रगति' है।

इजरायल के हेरिटेज मंत्री अमिचाय एलियाहू ने हानिया की हत्या की खबर सामने आने के बाद सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, 'दुनिया को इस गंदगी से साफ करने का यही सही तरीका है। अब कोई काल्पनिक शांति या आत्मसमर्पण समझौता नहीं होगा।।।ऐसे लोगों के लिए कोई दया नहीं दिखाई जाएगी।'

उन्होंने आगे कहा, 'जो मजबूत हाथ उन पर हमला करेगा वह शांति और थोड़ा आराम लाएगा और शांति चाहने वालों के साथ शांति से रहने की हमारी क्षमता को मजबूत करेगा। हानिया की मौत दुनिया को थोड़ा बेहतर बनाती है।'

अमेरिकी सांसद माइक वाल्ट्ज ने हानिया की मौत पर कहा है कि वो हमास का आतंकी चेहरा थे जिन्हें ईरान भी नहीं बचा सका। एक्स पर माइक ने लिखा, 'हानिया हमास का आतंकी चेहरा थे। वो इंसान अयातुल्ला के साथ मेलजोल रखता था, कतर और तुर्की के लक्जरी होटलों में दरबार लगाता है।'

अमेरिकी सांसद ने अपनी पोस्ट में आगे लिखा, 'वैसे, उन्होंने गाजा में जहां लोग गरीबी में जी रहे हैं, वहां माल की तस्करी करके अरबों डॉलर की हेराफेरी की। यहां तक कि आईआरजीसी भी उनकी रक्षा नहीं कर सकी।'






## हरिद्वार से अपने गंतव्य की ओर जाते हुए कांवड़िये













फोटो : वरुण लाहोरिया

# झारखंड के नए राज्यपाल नियुक्त किए गए संतोष गंगवार

## डॉ. पी.एन. अरोड़ा शपथ ग्रहण समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए

**रांची करंट क्राइम।** यशोदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, कौशाम्बी के अध्यक्ष डॉ. पी.एन. अरोड़ा, संतोष गंगवार के झारखंड के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण समारोह में एक विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। यह प्रतिष्ठित समारोह राज भवन, रांची में हुआ। डॉ. अरोड़ा की इस समारोह में उपस्थिति देश भर के प्रमुख नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों के साथ मजबूत संबंध बनाने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

उन्होंने समारोह के बाद हुए निजी दोपहर भोज में भी भाग लिया, जहां उन्हें गंगवार को उनके नए पद के लिए व्यक्तिगत रूप से बधाई देने का अवसर मिला। डॉ. अरोड़ा ने गंगवार के नेतृत्व में झारखंड में महत्वपूर्ण प्रगति और विकास की उम्मीद जताई।



### इस महत्वपूर्ण क्षण का साक्षी बनना मेरे लिए सम्मान की बात : डॉ. अरोड़ा

बधाई संदेश में डॉ. अरोड़ा ने कहा, 'झारखंड के इस महत्वपूर्ण क्षण का साक्षी बनना सम्मान की बात है। मुझे विश्वास है कि संतोष गंगवार के मार्गदर्शन में राज्य में महत्वपूर्ण विकास और प्रगति होगी। उनकी सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण और दूरदर्शी दृष्टिकोण निश्चित रूप से झारखंड के लोगों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।'

महत्वपूर्ण घटनाओं में डॉ. अरोड़ा की भागीदारी राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय भागीदार बनने की उनकी सतत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यशोदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में उनके नेतृत्व को स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के निरंतर प्रयासों के रूप में जाना जाता है।

राज्य के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी, व्यापक सामाजिक कल्याण दृष्टिकोण को दर्शाती है। शपथ ग्रहण समारोह, जिसमें कई गणमान्य व्यक्तियों और सम्मानित अतिथियों ने भाग लिया, झारखंड के शासन में मजबूत नेतृत्व के महत्व का प्रमाण था।

# उत्तर प्रदेश बास्केट बॉल लीग - चौथा दिन

## उत्तर प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने के लिए मिला एक सशक्त मंच

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश बास्केट बॉल एसोसिएशन के सौजन्य से 27 जुलाई से 2 अगस्त तक चलने वाली उत्तर प्रदेश बास्केट बॉल लीग का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन मेजबान नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद के प्रांगण में किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को आगे आने के लिए एक मंच मिला है। इस प्रकार के आयोजनों से उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर आगे आने में मदद मिलेगी।

टूर्नामेंट के चौथे दिन यानी मंगलवार को विशेष अतिथि के तौर पर अतुल वत्स, वाइस चेयरमैन, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण व अमित रंजन, सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने कार्यक्रम में भाग लिया। उत्तर प्रदेश बास्केट बॉल एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा शर्मा व नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद के प्रशासनिक निर्देशक के.पी. सिह ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सीमा शर्मा ने खिलाड़ियों को हार-जीत से ऊपर उठकर खेल भावना व अनुशासन पर बल देने के लिए प्रेरित किया।







### 30 जुलाई को कुल 3 मैच खेले गए

**करंट क्राइम।** पहला मैच देवभूमि लायंस, रामपुर व शुभम स्मैशर्स, मेरठ के बीच खेला गया जिसमें कांटे की टक्कर में रामपुर ने 77.75 से मेरठ को परास्त किया। दूसरे मैच में ए.एस.पी. फिटनेस, लखनऊ से दी स्पोर्ट्स हब, कानपुर को 82.68 से शिकस्त मिली। तीसरे मैच में अलीगढ़ ड्रिब्लर्स, अलीगढ़ ने भारतीय वारियर्स, गाजियाबाद को 76.74 से हराया।

### बास्केट बॉल एसोसिएशन के यूट्यूब चैनल पर हो रहा सीधा प्रसारण

**करंट क्राइम।** अभी टीमों के बीच में लीग मैच खेले जा रहे हैं। 31 जुलाई को भी सायं 4 :30 से रात्रि 10 बजे तक 3 मैच खेले जाएंगे। उत्तर प्रदेश बास्केट बॉल एसोसिएशन के यूट्यूब चैनल पर सायं 5 :00 बजे से रात्रि 10 बजे तक सीधा प्रसारण किया जा रहा है।

## युग परिवर्तन सेवा समिति ने लगाया 9वां विशाल कांवड़ शिविर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** युग परिवर्तन सेवा समिति द्वारा 9वां विशाल कांवड़ शिविर मेरठ रोड पर लगाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सुशील अनूप सिंह को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुशील अनूप सिंह ने झांकी को भी सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ये भक्ति व आस्था का मेला है जिसमें सभी वर्गों के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यह भोले बाबा की ही दया है कि सैकड़ों किलोमीटर पैदल चलकर भी शिव भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं आती। इस अवसर पर युग परिवर्तन सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील त्यागी, छोटेलाल कनौजिया (महामंत्री), मांगेराम त्यागी (उपाध्यक्ष), प्रदीप चौधरी (कोषाध्यक्ष), सोनू शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, साबिर खान आदि सभी ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।



करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व पार्षद हिमांशु लव बुधवार को दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने वरिष्ठ संवाददाता सुभाष शर्मा को देवाधिदेव महादेव शिव की धातु निर्मित प्रतिमा भेंट कर जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी, वरिष्ठ संवाददाता गौरव शशि नारायण, साहिबाबाद ब्यूरो चीफ उदयवीर सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के सौंफ वाले भगवा कमिश्नर से कुछ पार्षद हो गये हैं नाराज? वो दबी आवाज में कह रहे हैं मन की बात? कह रहे हैं जब प्रदेश वाले चौधरी साहब आये थे कार्यक्रम में साहिबाबाद? तो फिर वो केवल एक ही पार्षद को लेकर क्यों पहुंचे अपने साथ? क्यों नहीं दी गई बाकी पार्षदों को सूचना? हम इतनी सी ही बात अपने कमिश्नर से चाहते हैं पूछना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि युवा मोर्चा कर रहा है जो भंडारा? उस पर उठा रहे हैं कई चेहरे सवाल? कहने वाले कह रहे हैं जब सबसे लिया गया है कार्यक्रम में सहयोग? तो फिर पप्पू पहलवान, पप्पू नागर और राहुल शर्मा के ही फोटो को क्यों दिया गया है होर्डिंग पर बड़ा स्थान? कहने वाले कह रहे हैं कि आयोजकों को दूर करना होगा हमारा डाउट? या तो इतने ही बड़े फोटो हमारे लगायें, या फिर कर दें हमारे चेहरे होर्डिंग से आउट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के एक भगवा कमिश्नर ने जारी कर दिया है होर्डिंग वाला कार्यकर्ताओं में फरमान? कह दिया है कि जिस फार्मेट पर मैं कहूं उसी फार्मेट में होर्डिंग बनवायें? होर्डिंग बनाने वाली कार्यवाही को मुझसे बिना पूछे ना किया जाये? सुना है कमिश्नर को है कमांडर की एनओसी का इंतजार? जैसा निर्देश वो जारी करेंगे वैसे ही होर्डिंग छपकर आयेंगे बाहर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नादिया पार के एक ग्रुप पर जंग छिड़ गई जोरदार ? मंडल वाले महान मंत्री ने किया संचार वाला ग्रुप तैयार? ग्रुप तैयार करते ही उन्होंने किशोर को जोड़ा ? बस यहीं से आ गया पूरे सिस्टम में रोड़ा ? ऐसा होते ही मामला हुआ अलबत्ता? किशोर को रिमूव कर चुके थे मिस्टर दत्ता? बस ये बात किशोर को खल गई ? उनके गुस्से की तलवार मौजूदा भगवा कमिश्नर पद चल गई ? उन्होंने कर दिया मोदी जी वाले ग्रुप से मौजूदा कमिश्नर को बाहर? बदला लेकर बदल दिया उन्होंने यहाँ की राजनीति का नक्शा? देख रहे हो जनाब उन्होंने उनको भी नहीं 'बख्शा'?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पूरे मान से मैं दे रहा था एक होर्डिंग पर ध्यान ? इस होर्डिंग पर एक पूर्व अध्यक्ष, दूसरे पूर्व अध्यक्ष को माननीय चुके थे मान ? मैंने जब गहराई से जाना इन शब्दों का संदेश, तब पता चला मुझे,इस होर्डिंग के पीछे का बेस ? एक पूर्व अध्यक्ष को पता होती है भविष्य में होने वाली गतिविधियों की बात ? इस होर्डिंग के पीछे कुछ ऐसा ही संदेश छिपा हुआ साहब ? माननीय लिखने के पीछे है कोई बड़ा संदेश ? समझ जाओ भविष्य में घोषित होने वाला है किसका फेस ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था लखनऊ में एक बड़े नेता के पास? यहाँ वो लगाकर बैठे थे गाजियाबाद की खाली शहर विधानसभा सीट का हिसाब ? उन्होंने ने मुझे दिया अपने हिसाब से मजबूत तर्क? कहा कुछ भी हो जाए ठाकुर फैक्टर का मामला नहीं हो पाएगा इस सीट पर दर्ज ? जब पूछने वाली ने पूछी इस बारे में उनसे वजह? तब उन्होंने कहा, पड़ोस के जनपद से है दो ठाकुर विधायक? एक ठाकुर विधायक आता है इन गाजियाबाद लोकसभा ? पार्टी इस सीट पर उतारेगी ब्राह्मण या वैश्य ही दावेदार ? अगर बात ज्यादा फँसी, तो फिर पंजाबी चेहरे का नाम आ जाएगा बाहर ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब पहुँची भैया जी के पास भगवा गढ़ की एक महिला दावेदार अपनी विधानसभा की दावेदारी का लेकर इरादा ? तब भैया ने बिना लाग लपेट भगवा मैडम से क्लियर कर दिया कि वो कर चुके है मामले में किसी से वादा ? पता चला है किए गए वादे में है किसी पंजाबी चेहरे का नाम ? वैसे भैया जी ने भगवा महिला को ये कहकर भी आश्वस्त किया है कि बात अगर महिला कोटे की चली तो फिर हम रखेंगे सिर्फ.आप ही का नाम ? देखने अब ये है कि अब इस आश्वासन को सुनने के बाद महिला नेता तलाशेंगी कोई नया मुकाम ? मगर मुलाकात के बात स्पष्ट हो रहा है कि पंजाबी फैक्टर को इस बार हल्के में लेना भारी पड़ सकता है श्रीमान ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ के एक दावेदार का ओबीसी फैक्टर पर है अलग ही विचार ? वो करते है जाट , गुर्जर और यादव बिरादरी की मार्शल कॉम में गिनती ? वो इस बिरादरी को बिल्कुल भी नहीं है ओबीसी कोटे में गिनने को तैयार ? उनका इसके पीछे रहता है सिम्पल वाला तर्क ? कहते है,ओबीसी में भले ही इन बिरादरियों को गिन लिया जाता हो ? मगर गाज़ियाबाद में ओबीसी फैक्टर वाला मामला नहीं होता है इन बिरादरियों पर दर्ज ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ के एक जनप्रतिनिधि करते है जब भी कोई बात ? उसके पीछे कोई ना कोई अर्थ छिपा होता है साहब? सुना है दे दिया है उन्होंने पूरी ताकत ये संदेश ? दो अगस्त के बाद गाजियाबाद से अलविदा हो जाएगा एक बड़े अधिकारी का फेस ? ऐसा होने से हो जाएँगे कइयों के दर्द शांत ? अब बात को ज्यादा मत खुलवाओ, क्योंकि दीवारों के भी होते है कान ? तबादला होते ही आ जाएगा कई बेचैन दिलों को आराम ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर भगवा गढ़ में उठाओगे दलित राजनेताओं की राजनीति का इतिहास ? वैसे तो यहाँ हो जाएगी कई चेहरों की चर्चा ? मगर भाजपा नेता प्रदीप चौहान की क्रांतिकारी राजनीति के नहीं आ पाएगा कोई भी आस पास ? यकीन ना हो तो आप भाजपा के राजनगर वाले भगवा डॉ साहब से भी कर सकते हो बात ? उनके सामने हो चुकी है मिस्टर चौहान की क्रांतिकारी राजनीति की सरकारी वाली जांच ? काटी है इस चेहरे ने लंबी जेल? मगर जब इस नाम को लेकर टिकट की चर्चा चलती है, तो करने वाले कर देते है इस चेहरे के साथ खेल ?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## सम्मान



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मोदी नगर शिव भक्त कांवड़ कैंप पर बुधवार को महंत यति नरसिन्हानंद सरस्वती का व्यापारी नेता संदीप मोदी, जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी, अनिल कौशिक, मोहित तोमर एवं समाजसेवियों ने स्वागत एवं सम्मान किया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।